



# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!





Vol. 12 Issue No. 21 Faridabad (NCR) Friday, 01-15 December 2023 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/21-23 Page : 8

## BJP has a name for Chhattisgarh:

# Tribal leader Vishnu Deo Sai to be new CM

**New Delhi/Agency**

Suspense in Chhattisgarh, the BJP on Sunday named senior tribal leader Vishnu Deo Sai (59), a former Union minister and three-time state party president, as its Chief Minister.

Soon after the party's newly elected 54 MLAs met its central observers in the afternoon, Sai's name was proposed by former chief minister Raman Singh and seconded by senior leaders Brijmohan Agrawal, the party's longest serving eight-time MLA, and state BJP chief Arun Sao, who resigned from the Lok Sabha after winning the Lormi Assembly seat. Seven-time MLA Punnulal Mohle and former minister from the tribal community, Lata Usendi, also supported Sai.

Sai later met Governor Biswabhusan Harichandan and staked claim to form the government. After visiting Raj Bhavan, Sao told reporters that the swearing-in ceremony may take place on December 12 or 13, as per the availability of Prime Minister Narendra Modi. In his first comments, Sai said: "I thank all the MLAs who have shown faith in me. I will work with full honesty and try to live up to the expectations of everyone. As the Chief Minister of Chhattisgarh, I shall fulfill the Modi guarantees given



to the people by our party." "In the last five years, 18 lakh people did not get the Awas Yojna (housing scheme) and my top priority will be to ensure all of them get it. All those who are corrupt will be punished. We won all the 14 Surguja seats because the Congress failed, and the Modi guarantees worked for us," he said. While there is speculation that Sao, the OBC face from the Sahu (Teli) community, and Vijay Sharma, an organisational leader who defeated Mohammad Akbar of the Congress from Kawardha, may be Deputy Chief Ministers, and Raman Singh may be Speaker, there is no official word yet.

If Sao is made Deputy CM, the party will be seen to strike a balance, with OBCs being offered representation. The Sahus have a fair population in the state and are a core vote bank for the BJP. The party is projecting Sai as the first elected tribal Chief Minister of Chhattisgarh. While Ajit Jogi was made the CM when the state was carved out of Madhya Pradesh, a high-powered state committee had rejected his tribal status in 2019. In this sense, Sai's elevation is a symbolic gesture to the tribal community months before the Lok Sabha polls. The BJP did well in the tribal seats this time, particularly in the Sarguja belt, to which Sai belongs, where it won all the 14 seats. It also won 8 of the 12 seats in Bastar.

"On the death anniversary of Shahid Veer Narayan Singh, Chhattisgarh got Adivasi leadership," the state BJP unit tweeted. Veer Narayan Singh was a tribal freedom fighter. The elevation of Droupadi Murmu as President of India, and Modi recently launching the Viksit Bharat Sankalp Yatra to spread information about government schemes from Adivasi icon Birsa Munda's birthplace in Jharkhand were signs that the party was looking at a massive tribal outreach. Appointing a tribal CM in Chhattisgarh seems to take that outreach forward, months before the Lok Sabha polls.

# SC upholds abrogation of Article 370: 'Disappointed', say Jammu and Kashmir leaders

**New Delhi/Agency**

Leaders across party lines in Jammu and Kashmir on Monday said they were "disappointed" with the Supreme Court verdict upholding the constitutional validity of the abrogation of Article 370. Democratic Progressive Azad Party (DPAP) president and former chief minister of the erstwhile state of Jammu and Kashmir Ghulam Nabi Azad said the "Supreme Court was our last hope" and that he was "disappointed" with their verdict. "The people of Jammu and Kashmir won't be happy with the unanimous judgment. Article 370 and Article 35A of the Constitution represented the sentiments of our people… both have ended today. This will impact the state's economy, our land will become expensive. Now, everyone from all over the country can come to J&K, we don't have big industries to offer employments to everyone. Our biggest industry is tourism, which has limited jobs. There are anyway few government jobs, now everyone can apply for them, which will increase unemployment among our youth," he said. "It was a mistake to abrogate Article 370 on August 5, 2019… it was done in haste, and they should have consulted parties of Jammu and Kashmir," Azad added. Meanwhile, Omar Abdullah, vice-president of National Conference and former chief minister of J&K,



said, "Disappointed but not disheartened." Taking to X, Abdullah said, "The struggle will continue. It took the BJP decades to reach here. We are also prepared for the long haul." Sajad Lone, former MLA of Jammu and Kashmir and a member of People's Conference, said that "justice yet again eludes the people of J&K". "Article 370 may have been legally obliterated but will always remain a part of our political aspirations. In the case of statehood the Supreme Court sidestepped even commenting on it, thus protecting the entire country from any future misuse, by citing precedence. Yet the same misuse was subtly endorsed in J&K. Let us hope at a future date Justice wakes up from its slumber of pretence," Lone said.


The Supreme Court on Monday upheld the 2019 presidential order scrapping the special status granted by way of Article 370 of the Constitution to the erstwhile state of Jammu and Kashmir. A five-judge Constitution Bench presided by Chief Justice of India D Y Chandrachud said, "The exercise of power by the President under Article 370(1)(d) to issue CO 272 is not mala fide. The President in exercise of power under Article 370(3) can unilaterally issue a notification that Article 370 ceases to exist".


# D.A.V. PUBLIC SCHOOL

D.A.V. COLLEGE MANAGING COMMITTEE · ESTD. 1886

## SECTOR 37, FARIDABAD

Ph: 0129-4279200, Website: www. dav37.edu.in E-mail:davpssec37fbd@gmail.com



**FEATURES**

- Fully Air-Conditioned Pre-Primary Segment.
- Child Centric Activity and Value Based Education.
- Concept based Education and Eco-friendly Environment.
- Regular Yajana and to inculcate values of Vedic Culture and Traditions.
- Dedicated periods to teach Life Skills and Moral Values.
- Happy, Healthy Classrooms with Experiential Learning.
- Smart Class Rooms with Computer Aided Learning.
- Safe School Campus with 360 Degree CCTV Surveillance.

**Age as on 31.03.2024**

FOR NURSERY: 3Years
FOR LKG: 4 Years
For UKG: 5 Years
FOR Class I: 6 Years
For Class II : 7 Years





**ADMISSION OPEN**

**REGISTRATION FORM**

FOR SESSION 2024-25
All Classes Except X and XII

**Committed to Excellence in Education**

**Note: The School does not provide transport facility to Nursery Students.**

| Dr. S.K. SOPORY | J.K. KAPUR | CHITRA NAKRA | DEEPTI JAGOTA |
|---|---|---|---|
| Chairman | Vice-Chairman | Manager | Principal |

- Admission forms available at school reception. Forms available from 8 A.M to 2:30 P.M. website: www.dav37.edu.in
- To be deposited within 7 days of receipt of the form along with requisite documents.
- 10% seats reserved for EWS Category and another 10% seats under means cum merit criteria.



# डिजास्टर मैनेजमेंट
## एक बेहतर केरियर



आ इन्सान को गहरी चोट देती हैं। जबरदस्त नुकसान पहुंचाती हैं। मानव जीवन और धन-सम्पत्ति को भी नष्ट करती हैं। आपदाओं की चपेट में आने वाली जिन्दगी पटरी से इस तरह उतरती है, जिसे वापस अपने ट्रेक पर आने में काफी लम्बा समय लग जाता है। लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि जिन्दगी पटरी पर तब लौटेगी, जब यह बची रहेगी। आपदाओं के बीच संघर्ष कर लोगों की जिन्दगियां बचाने का काम करते हैं डिजास्टर मैनेजमेंट में पारंगत लोग। आजकल प्राकृतिक और मानवीय कारणों से आने वाली आपदाओं की संख्या बहुत बढ़ गई है। इसीलिए सरकार, एनजीओ और अनेक निजी संस्थान आपदा प्रबंधन को बढ़ावा दे रहे हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है।

वैसे तो आपदाओं की चपेट में पूरी दुनिया ही आ जाती है, लेकिन भारत इस मामले में ज्यादा संवेदनशील है। वजह चाहे प्रबंधन कला की कमजोरी हो या फिर कुछ और परन्तु नुकसान हमेशा यहां ज्यादा ही होता है। एक अनुमानित आंकड़ा बताता है कि पिछले बीस सालों में पूरे विश्व में जमीन खिसकने, भूकंप बाढ़ सुनाम, बर्फ की चट्टान सरकने और चक्रवात जैसी आपदाओं में लगभग तीस लाख से अधिक लोगों की जान चली गई। यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि विश्व भर में आई प्राकृतिक आपदाओं में लगभग 80 प्रतिशत विकासशील देशों के हिस्से पड़ीं। देश की साठ से अधिक फीसदी खेती योग्य जमीन सूखे की आशंका की जद में है। वहीं कुल जमीन का 55 फीसदी हिस्सा भूकम्प के प्रति संवेदनशील है, 16 प्रतिशत बाढ़ और 10 प्रतिशत चक्रवात के लिए।

### काम

इनका काम बेहद महत्वपूर्ण होता है। डिजास्टर मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स आपदा के शिकार लोगों की जान बचाने और उन्हें मुख्य धारा में फिर से वापस लाने का काम करते हैं। इसके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारें आवश्यक धन उपलब्ध कराती हैं। इन सबसे मुख्य सरकारी एजेंसी के रूप में गृह मंत्रालय बड़ी भूमिका निभाता है। वह आपदा के समय डिजास्टर मैनेजमेंट का कार्य सम्भालता है। कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय सूखे और अकाल के वक्त अपनी जिम्मेदारियां निभाता है। वहीं अन्य विपदाओं के लिए दूसरे मंत्रालय भी जिम्मेदार होते हैं, जैसे-हवाई दुर्घटनाओं के लिए सिविल एविएशन मिनिस्ट्री, रेल दुर्घटनाओं के लिए रेल मंत्रालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा मंत्रालय आदि भी विभिन्न प्रकार की विपदाओं के समय जिम्मेदारियां निभाते हैं। डिजास्टर मैनेजमेंट में प्रशिक्षित लोग आपदा के वक्त किसी देवदूत की तरह लगते हैं।

भारत सरकार ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की है। मानव संसाधन मंत्रालय ने दसवीं पंचवर्षीय परियोजना में डिजास्टर मैनेजमेंट को स्कूल और प्रोफेशनल एजुकेशन में शामिल किया था। वर्ष 2003 में पहली बार के न्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने आठवीं कक्षा के सामाजिक विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम में इसे जोड़ा। फिर आगे की



कक्षाओं में और सरकारी व गैर सरकारी उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में भी डिजास्टर मैनेजमेंट की पढ़ाई होने लगी।

इसके अलावा देश के कई प्रबंधन संस्थान डिजास्टर मैनेजमेंट में सर्टिफि केट से लेकर पीजी डिप्लोमा लेवल के कोर्स संचालित करते हैं। वहीं कई विश्वविद्यालिय डिग्री लेवल कोर्स भी आफर कर रहे हैं। डिजास्टर मैनेजमेंट के कोर्स रेगुलर और डिस्टेंस लर्निंग के माध्यम से भी किया जा सकता है।

### योग्यता

इसके सर्टिफिकेट कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता 10+2 पास है, जबकि मास्टर डिग्री या पीजी डिप्लोमा के लिए योग्यता स्नातक है। इस कोर्स में एडमीशन लेने वालों में हर परिस्थिति में काम करने का जज्बा होना एक आवश्यक गुण है। विषम परिस्थितियों से निबटने की समझ, बड़े हादसों को देखने के बावजूद संयमित होकर सबकुछ मैनेज करने का गुण काफी महत्वपूर्ण होता है। प्रवेश देने से पूर्व कैंडीडेट में उपरोक्त गुणों को परखा जाता है। कुछ संस्थान प्रोफेशनल के लिए भी सर्टिफिकेट कोर्स चलाते हैं।

### पाठ्यक्रम

डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत रिस्क असेसमेंट एंड प्रिवेंटिव स्ट्रेटजीज, लेजिस्लेटिव स्ट्रक्चर्स फॉर क ंट्रोल ऑफ डिजास्टर मिटिगेशन, एप्लिकेशन आफ जीआईएस इन डिजास्टर मैनेजमेंट, रेस्क्यू आदि विषय आते हैं। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में स्पेशलाइजेशन भी किया जा सकता है, जैसे- माइनिंग, कैमिकल डिजास्टर और टेक्निकल डिजास्टर वगैरह।

### अवसर

आमतौर पर इनको सरकारी नौकरियों और आपातकालीन सेवाओं में अवसर मिलता है। साथ ही लॉ इन्फोर्समेंट, लोकल अथॉरिटीज, रिजीज एजेंसीज और गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में जॉब की अच्छी सम्भावना होती है। इसके अलावा यूनाइटेड नेशन जैसी अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों में भी नौकरी मिल सकती है।

इसके साथ ही केमिकल, माइनिंग, पेट्रोलियम जैसी रिस्क इंडस्ट्रीज में भी आपको जॉब मिल सकता है। आम तौर पर इन इंडस्ट्रीज में डिजास्टर मैनेजमेंट सेल होता है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं रेडक्रॉस और यूएन प्रतिष्ठान भी प्रशिक्षित पेशेवर को काम पर रखते हैं। अनुभव हासिल करने के बाद खुद की कम्पनी या फिर एजेंसी भी खोली जा सकती है। यह बेहद जिम्मेदारी से भरा कार्य है। इसमें कैंडीडेट का तेज दिमाग के साथ-साथ शारीरिक रूप से फिट होना भी काफी मायने रखता है। आग, पानी और विभिन्न आपदाओं से निबटने का हौसला होना ही चाहिए। इस करियर को समाज सेवा का दूसरा रूप माना जाता है।



## संस्थान

- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी इग्नू नई दिल्ली,
- नार्थ बंगाल यूनिवर्सिटी, दार्जिलिंग,
- इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मद्रास यूनिवर्सिटी, चेन्नई,
- सिक्किम मनिपाल यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ,
- मेडिकल एंड टेक्नोलॉजिकल साइंसेज, गंगटोक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंट, नई दिल्ली,
- नेशनल सेंटर फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट,
- इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली,
- सेंटर फॉर सिविल डिफेंस कॉलेज, नागपुर,
- एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट,हैदराबाद,
- डिजास्टर मिटिगेशन इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद,
- एनवायरमेंट प्रोटेक्शन ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद,
- सेंटर फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट, पूणे,
- एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट, नोएडा,
- नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी, पटना,
- राजर्षि टंडन ओपन यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद।



**Faridabad News**

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## एनएचपीसी को मिला नेशनल अवार्ड्स 2023, वार्षिक रिपोर्ट में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित



Faridabad/Alive News

एनएचपीसी ने 'पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स2023' की 'वार्षिक रिपोर्ट' श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कारजीती है। यह पुरस्कार पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा 25 से 27 नवंबर, 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जनसंपर्क महोत्सव के दौरान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एनएचपीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 की समग्र उच्च गुणवत्ता, लेआउट और डिज़ाइन को मान्यता देता है।

## अधिकारी सही जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक के नाम ही बनाएं प्रॉपर्टी आईडी-डिप्टी सीएम

Faridabad/Alive News

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए है कि स्वामित्व योजना के तहत बनाई जाने वाली प्रॉपर्टी आईडी सही जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक के नाम ही बनाएं, इसमें जो आपत्तियां आती हैं उनका पहले निवारण करें और इसके बाद ही रजिस्ट्री शुरू की जाएं। डिप्टी सीएम, जिनके पास राजस्व विभाग का प्रभार भी है, शुक्रवार को यहां चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना बारे प्रदेश के सभी उपायुक्तों और मंडल आयुक्तों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस प्रकार से करनाल जिला के सिरसी गांव में पूरे गांव की प्रॉपर्टी आईडी बनाई गई है, ठीक इसी प्रकार जिस भी गांव की प्रॉपर्टी आईडी बनाएं उस सम्पूर्ण गांव के सभी निवासियों की प्रॉपर्टी आईडी बननी चाहिए न कि चंद लोगों की बनाकर औपचारिकता करनी है। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे पंचायत को साथ लेकर गांव के किसी सार्वजनिक स्थान पर प्रॉपर्टी आईडी समेत संबंधित गांव का नक्शा प्रदर्शित करें ताकि लोग आईडी में देख सकें कि उनकी प्रॉपर्टी उनके ही नाम है या नहीं ? अगर किसी को इसमें आपत्ति है तो जल्द से जल्द इसका निवारण किया जाए। दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को प्रत्येक गांव का इस प्रकार का नक्शा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए ताकि प्रदेश या विदेशों में नौकरी-पेशा या व्यवसाय करने वाले भी अपनी प्रॉपर्टी आईडी को चेक कर सिस्टम तैयार करने जा रही है जिससे कि प्रॉपर्टी आईडी के मामले में विदेशों में रहने वाले लोगों की आने वाली शिकायतों की व्हाट्सएप या अन्य




सकें। उन्होंने इस संबंध में एसओपी बनाने के भी निर्देश दिए ताकि उपायुक्तों और जिला के अन्य अधिकारियों को कार्य में आसानी हो सके।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को मुख्यालय स्तर पर एक कंट्रोल रूम बनाने के भी निर्देश दिए ताकि प्रॉपर्टी आईडी बनाने के मामले में जिला स्तर के अधिकारियों को सहयोग दिया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार ऐसा ऑनलाइन संसाधनों से सुनवाई की जा सके। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने उपायुक्तों को जमीनों की खेवट के बंटवारे को भी पारदर्शी तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम और डीआरओ के माध्यम से की जाने वाली रजिस्ट्रियों के मामले में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को मासिक आधार पर इस बारे समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में वर्ल्ड एड्स डे मनाया गया



Faridabad/Alive News

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने लेट कम्युनिटीज लीड शीर्षक से विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता डॉ. जे पी राजलिवाल, डिप्टी सिविल सर्जन, सीएमओ कार्यालय, गुड़गांव उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि थीम लेट कम्युनिटीज लीड है। क्योंकि परिवर्तन एक क्षण पर नहीं बल्कि एक आंदोलन पर निर्भर करता है, यह थीम इस बात पर जोर देती है कि एड्स से प्रभावित लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने में सक्षम बनें। एड्स को लेकर हमारे समाज में सालों से कई मिथक चले आ रहे हैं जिसकी वजह से इस बीमारी से पीड़ित लोगों को शर्मिंदगी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। लोगों के जीवन पर एचआईवी के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने, कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और एचआईवी से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए एड्स प्रतिक्रिया के लिए बढ़ी हुई धनराशि की अभी भी गंभीर आवश्यकता है। डॉ. ऋषिपाल, डीन पेडागोजी ने कहा कि चिकित्सा अनुसंधान में प्रगति, उपचार और रोकथाम तक पहुंच में वृद्धि और वायरस की व्यापक समझ के कारण एचआईवी और एड्स से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. भावना रूपराय कौशल सहायक प्रोफेसर, प्रभिसेक कौशल प्रशिक्षक, संसबीर डागर कौशल प्रशिक्षक, स्टाफ नर्स ज्योति, फार्मासिस्ट हरिओम और एमएलटी के छात्र उपस्थित थे।

## चौक-चौराहों पर लगे गंदगी के ढेर, कमेटियों ने की सफाई की मांग



Faridabad/Alive News

26 लाख से अधिक आबादी वाले शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है। सोमवार को प्रथम पातशाही गुरुनानक देव जी का प्रकाश उत्सव है।इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से मार्केट नंबर एक से नगर कीर्तन निकलेगा। जगह-जगह नगर कीर्तन का स्वागत किया जाएगा। गुरुद्वारों में शबद-कीर्तन भी होंगे। ऐसे में भी नगर निगम की ओर से सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस समय शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर कचरा फैला नजर आ रहा है। कन्फेडरेशन आफ आरडब्ल्यूए ने बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई है।नगर निगम के पास एनआइटी, ओल्ड फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के लिए अनुबंधित तथा स्थायी कर्मचारियों की संख्या लगभग तीन हजार है। विभिन्न क्षेत्रों में सफाई की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारियों की है। यह कार्य नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा के अंतर्गत आता है।वर्तमान हालात देंखे तो गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों पर कचरा नजर आता है। कई जगह तो सफाई कर्मचारी की खत्तों पर कचरा डाल देते हैं। वहां खत्तों से कचरा उठाने की जिम्मेदारी ईकोग्रीन की है। ईकोग्रीन के पास वाहनों की संख्या कम है। ऐसे में प्रतिदिन नियमित रूप से खत्तों से कचरा नहीं उठता है।

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

Faridabad/Alive News

जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के समाज कार्य पाठ्यक्रम के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर, 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा हस्तनिर्मित बैज बना कर विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों को लगाया तथा भारतीय संविधान की एक कॉपी भी भेंट की 7 जिसका उद्देश्य सभी को संविधान दिवस के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा ने की तथा संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में कुलपति



प्रो सुशील कुमार तोमर ने कहा कि अधिकार एवं कर्तव्य किसी राष्ट्र, संगठन या व्यक्ति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जोकि हमें संविधान द्वारा प्रदान किए गये है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस देश के संविधान में विश्वास की पुष्टि करता है, जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर बोलते हुए कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा ने राष्ट्र के प्रति डॉ अंबेडकर के जीवन, प्रतिबद्धता और योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने देश के संविधान की अनुपालना का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कम्युनिकेशन एवं मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ पवन सिंह मलिक के मार्गदर्शन में किया गया।

## रोटेरियन ने 81वें जन्मदिन पर किया ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

Faridabad/Alive News

सेक्टर -58 इंडस्ट्रियल एरिया हाईफिट इंजीनियरस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी के चेयरमैन और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रोटेरियन एच.एल.भूटानी का आज 81वां जन्मदिन था जिसके उपलक्ष्य में इस मेगा कैम्प का आयोजन किया गया था। इस कैम्प को सफल बनाने में रोटरी क्लब ऑफ़ फरीदाबाद ईस्ट ,आस्था और अर्थ ने विशेष भूमिका निभाई। वहीँ शहर की विभिन्न औद्योगिक इकाई ने इस कैम्प को सफल बनाने के लिए रक्तदान शिविर में भाग लिया जिसके बदौलत 139 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।रोटेरियन एच.एल.भूटानी ने अपने 81वां जन्मदिन के अवसर पर आए सभी महानुभावों का कैम्प में पहुँचने पर स्वागत करते हुए उनका प्लांट देकर स्वागत किया। वही इस पल को बड़ा गौरवपूर्ण बताय जब शहर की कई हस्तियां उनके एक बुलावे पर उनके इस नेक कार्य में शामिल होने के लिए पहुंची। रोटेरियन एच.एल.भूटानी ने कहा की वह पिछले 52 सालों से इस रक्तदान अभियान से जुड़े हुए है। पहले वह खुद रक्तदान करते थे अब वह लोगों को जागरूक करने के लिए मौका मिलते ही ब्लड डोनेशन कैम्प लगाते है जिसमे उनके परिवार के सदस्य धीरज भूटानी ,नीरज भूटानी , रेशमी भूटानी , चारु भूटानी , और धर्मपत्नी सुषमा भूटानी का सदैव सहयोग मिलता रहा है इसके आलावा शहर का तो वह कर्जदार है जीने बदौलत आज वह इस मुकाम तक वह पहुंचे है। इसमें अविवाहित लड़के लड़की की जाँच की सुविधा फ्री राखी गई है। जिससे



भविष्य में थलेसेमिया बीमारी को पहले ही रोका जा सके। आगे से रोटरी क्लब जहां भी रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा वहां इस तरह के टेस्ट की सुविधा का लाभ लोगों को मिल सकेगा। इस मौके पर रोटरी ब्लड बैंक की और से प्रेम पसरीचा और दीपक प्रसाद ने सभी रक्तदाताओं का रक्त दान करने के लिए धन्यवाद किया।

## हरियाणा के डीजीपी ने सुरक्षा को लेकर की बड़ी घोषणा, हर हफ्ते होगा शिकायतों का निपटारा



Faridabad/Alive News

हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में ग्राम प्रहरियों की मुख्य भूमिका रहती है। इसलिए आज ग्राम प्रहरियों को सम्मानित किया गया है। नशा करने वाले लोगों को नशे से मुक्तिकरण की दिशा में काम किया जाएगा। पुलिस टीमें नशे के विरुद्ध काम करेंगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा पहली प्राथमिकता रहेगी। ऑटो पर आईडी कार्ड लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर टैक्सी और ऑटो चालक का डाटा पुलिस के पास रहेगा। ट्रांसपोर्टर के साथ भी बैठक कर व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। थाने-चौकियों में आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान एक सप्ताह करने का लक्ष्य रखा गया है। हर शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जा रहा है। नूंह में भी इसी तरह लोगों से फीडबैक लिया गया है। एक महीने बाद लोगों से पूछताछ की जा रही है। डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में साइबर पुलिस के हेल्पलाइन पर 1200 कॉल प्रतिदिन आ रही है। साइबर अपराधियों को पकड़ने पर भी जोर है। यह कोशिश की जाएगी कि इन्हें कम किया जाए। लोगों को भी इस दिशा में जागरूक होना होगा। लोगों से ठगा गया पैसा बैंकों में कैसे होल्ड कराया जाए, इस दिशा में बैंकों से भी बातचीत चल रही है। टेलीकॉम कंपनियों से भी संपर्क किया जा रहा है। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने भ्रष्टाचार पर कहा कि चार सौ लोग चार लाख लोगों पर निगाह रख पाएं, यह संभव नहीं है। लेकिन फिर भी इस दिशा में काम किया जा रहा है। पुलिस में भी भ्रष्ट पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई जारी है। कई आईओ पर बीते महीने कार्रवाई की गई है।

## नेहरू युवा केंद्र में संविधान दिवस का आयोजन

Faridabad/Alive News

नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के तत्वावधान में जज्बा फाउंडेशन व स्त्री शकि्क्त पहल समिति के माध्यम से ग्रामपंचायत मछगर में स्थित कौशल विकास केंद्र पर संविधान दिवस का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर नेहरू युवा संगठन से जुडे विभिन्न युवा क्लब के युवाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल विकास केंद्र सह प्रशिक्षक एम. जे. चौधरी ने की। कार्यक्रम में आये लोगों को संबोधित करते स्त्री शक्ति पहला समिति संस्था की अध्यक्ष पूनम सिनसिंवल ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि 26 नवंबर 1949 का दिन आजाद भारत के इतिहास का बड़ा ऐतिहासिक दिन था। इसी दिन संविधान बनकर पूरा हुआ और उसे अपनाया गया। इसी दिन की याद में हर साल 26 नवंबर नवंबर का दिन भारत में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।



को संविधान दिवस मनाया जाता है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने अपने संबोधन में बताया कि 26 इसी दिन राष्ट्रीय कानून दिवस भी होता है। हर भारतीय नागरिक के लिए 26 नवंबर का दिन बेहद खास है और गौरवान्वित महसूस करने वाला है। यही वह दिन है जब वो किताब बनकर तैयार हुई थी जिसने हमें आजादी व समानता के साथ जीने का अधिकार दिया हुआ है। 26 नवंबर, 1949 को ही देश की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। संविधान बनकर तैयार हुआ और देश को समर्पित किया गया। यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं।

साथ ही संविधान दिवस के अवसर पर, युवाओं को संविधान की उद्देशिका का शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर एम. जी. चौधरी, गोविंद सैनी, राहुल वर्मा, गौरव ठाकुर, नर्वदा पंचाल, कविता, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सीबीएसई परीक्षा को लेकर जारी की गई सूचना, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में नही मिलेगी डिवीजन

Faridabad/Alive News

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल परीक्षा (दसवीं कक्षा) और सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट थ्योरी परीक्षा (बारहवीं कक्षा) के लिए डेट शीट जल्द ही जारी करने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि डेटशीट दिसंबर के पहले सप्ताह में जारी होने की उम्मीद है। इससे पहले, सीबीएसई ने माध्यमिक विद्यालय (दसवीं कक्षा) और वरिष्ठ विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षाओं (बारहवीं कक्षा) के प्रतिशत की गणना के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने पीटीआई को इस संबंध में जानकारी दी है, जिसके अनुसार सीबीएसई अब कक्षा 10, 12 की बोर्ड परीक्षाओं में कोई डिवीजन, डिस्टिंक्शन नहीं देगा। बोर्ड को विभिन्न लोगों से बोर्ड की परीक्षाओं में छात्रों के प्रतिशत की गणना के लिए मानदंड बताने के अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। अधिसूचना में कहा गया है, इस संबंध में सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अध्याय 7 की उपधारा 40.1 उपनियम यह निर्धारित करते हैं कि - कोई समग्र डिवीजन/डिस्टिंक्शन/एग्रीगेट नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, यदि किसी उम्मीदवार ने 5 से अधिक विषयों की पेशकश की है, तो सर्वोत्तम 5 विषयों को निर्धारित करने का निर्णय प्रवेश देने वाली संस्था या नियोक्ता द्वारा लिया जा सकता है। यदि उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए अंकों का प्रतिशत आवश्यक है तो गणना, यदि कोई हो, प्रवेश संस्थान या नियोक्ता द्वारा की जा सकती है। इससे पहले, सीबीएसई ने अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेरिट सूची जारी करने की प्रथा को भी खत्म कर दिया था।




## मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



Faridabad/Alive News

शनिवार को सेक्टर-21 सी स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने मधुमेह, रक्तचाप, थायरॉइड, दांतों एवं आंखों की जांच कराई।

मानव रचना डेंटल कॉलेज के योग्य दंत चिकित्सक, मनोविज्ञानी तथा सर्वोदय अस्पताल के अनुभवी चिकित्सक इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे। आधुनिक उपकरणों से युक्त एक मोबाइल डेंटल क्लिनिक में डाक्टरों की टीम द्वारा दांतों की जांचकर, दांतों की सुरक्षा संबंधी सुझाव भी दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा अनीस ने कहा कि सेहत को लेकर लोगों में जागरूकता बेहद जरूरी है। लोगों में जागरूकता के लिए विद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है। अनदेखी के कारण लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में ख्याल रखना अति आवश्यक है। अंत में उन्होंने सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।

## दुर्गा शक्ति की टीम ने महिलाओं के मोबाइल में इंस्टॉल कराया एप

Faridabad/Alive News

महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व दुर्गा शक्ति टीम ने शिवालिक कंपनी में करीब 300 महिलाओं को वीडियो वेन के माध्यम से पोक्सो, साइबर तथा महिला व बाल अपराध के प्रति जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरुक करने का काम भी कर रही है। इसी क्रम में एनआईटी महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व दुर्गा शक्ति की टीम ने शिवालिक लिमिटेड कंपनी में आमजन को वीडियो वेन के माध्यम से साइबर,महिला व बाल अपराध के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें इस प्रकार की कुरीतियों से लड़ने के लिए प्रेरित किया। समाज में फैली कुरीतियों के बारे में जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर सविता ने बताया कि समाज के कुछ नकारात्मक प्रवृत्ति के लोग भ्रूण हत्या, निरक्षरता, शोषण, नशा इत्यादि कुरीतियों को अपनी संस्कृति समझते हैं परंतु उन्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि यह पूरे समाज के लिए नुकसानदायक है जिसकी वजह से समाज में अपराध और अपराधियों की संख्या में वृद्धि होती है।

जन्म से पहले ही लिंग जांच करवाकर कन्याओं को गर्भ में ही मरवा दिया जाता है जो कि कानून के साथ-साथ मानव जगत की नजर में भी एक अपराध है और हमें इस प्रकार के अपराधों के प्रति जागरूक होकर इसके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए ताकि किसी अन्य बच्चे या महिला को इसका शिकार होने से बचाया जा सके। कार्यक्रम के समापन के समय पुलिस से संपर्क करने के माध्यमों के बारे को जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि वह किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने दुर्गा शक्ति एप के बारे में महिलाओं को जानकारी देते हुए



बताया कि यदि आपको कहीं पर भी महिला विरुद्ध अपराध घटित होता दिखाई दे तो वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस द्वारा इस प्रकार के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना देने के लिए 9050891508 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर कंपनी प्रशासन तथा वहां पर कार्य करने वाली महिलाओं ने पुलिस द्वारा दी गई इस अहम जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

## बी.के अस्पताल की लिफ्ट बन्द, सीढ़ियों से चढ़ने को मजबूर गर्भवती महिलाएं

Faridabad/Alive News

फरीदाबाद के एक मात्र सामान्य अस्पताल (बी.के) की लिफ्ट खराब होने से मरीजों के साथ साथ गर्भवती महिलाएं तीसरी मंजिल पर बने डिलिवरी रूम तक सीढ़ियां चढ़कर जाने को मजबूर रही। बी.के अस्पताल में हर रोज इलाज के लिए हजारों लोग आते हैं और उन्हें अस्पताल में असुविधा के चलते काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

आगंतुकों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बीके अस्पताल की लिफ्ट बंद पड़ी है ऐसे में लोगों को सीढ़ीयों का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है और अस्पताल के अधिकारी इस ओर ध्यान नही दें रहे हैं।

लिफ्ट बंद होने की वजह से डिलीवरी के लिए अस्पताल आने वाली गर्भवती महिलायें सीढ़ियों से या फिर रैम्प का सहारा लेकर तीसरी मंजिल पर बने डिलीवरी रूम तक जाने को मजबूर है। अस्पताल के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से अस्पताल मरीजों को बेहद परेशानी हो रही है। देखा जाए तो आप्रेशन वाली महिलाओं के लिए यह समस्या




में लिफ्ट होने के बाद भी मरीज और गर्भवती महिला डिलीवरी के लिए सीढ़िया चढ़ रही हैं। अस्पताल में मरीज अपने वार्ड तक जाने के लिए रैम्प से स्ट्रेचर या व्हीलचेयर का सहारा ले रहे हैं।

अस्पताल में इलाज के लिए आई महिला ओमबती ने बताया कि किसी खतरे से कम नही है। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि लिफ्ट बंद होने से हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में 4 लोगों की मदद से स्ट्रेचर पर लेटा कर मरीज को ऊपर वार्ड में पहुंचाया जा रहा है। जिससे मरीजों को बड़ी तकलीफ होती है।

# अब अस्पताल भी बंद कराएगा जलवायु परिवर्तन



तिलक राज शर्मा
संपादक

**यह रिपोर्ट विश्लेषण करती है कि निरंतर एमिशन दुनिया भर के 200,000 से अधिक अस्पतालों की छह जलवायु परिवर्तन खतरों के प्रति संवेदनशीलता को कैसे प्रभावित करेगा- तटीय बाढ़, नदी में बाढ़, सतही जल में बाढ़, जंगल की आग, अत्यधिक हवा और चक्रवाती हवा। विश्लेषण भवन संरचनाओं को होने वाली भौतिक क्षति पर ध्यान केंद्रित करता है और गणना करता है कि विभिन्न एमिशन परिदृश्य जोखिम को कैसे कम कर सकते हैं।**

अस्पतालों पर एक नया खतरा मंडरा रहा है और यह खतरा लाई है बदलती जलवायु। जी हाँ, सही पढ़ा। चरम मौसम की घटनाएँ अस्पतालों को बंद तक करा सकती हैं।

दरअसल क्रॉस डिपेंडेंसी एनालिसिस (एक्सडीआई) द्वारा आज जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार, यदि दुनिया के तमाम देश फॉसिल फ्यूल एमिशन पर अंकुश लगाने में विफल रहते हैं, तो दुनिया भर में हर 12 अस्पतालों में से 1 पर जलवायु परिवर्तन के चलते होने वाली चरम मौसमी घटनाओं के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से बंद होने का खतरा मंडरा रहा है।

इसके चलते होगा ये कि कम और मध्यम आय वाले देशों में तूफान, बाढ़, जंगल की आग और अन्य आपदाओं से प्रभावित समुदायों को आपातकालीन अस्पताल देखभाल से ठीक उसी समय वंचित होना पड़ सकता है जब उन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है । कम और मध्यम आय वाले देशों में जन समुदाय सबसे अधिक जोखिम जोखिम झेल रहा होता है।

अपनी प्रतिक्रिया देते हुए क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव के विज्ञान और प्रौद्योगिकी निदेशक डॉ. कार्ल मैलोन ने कहा, जलवायु परिवर्तन पहले से ही दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य पर तेजी से प्रभाव डाल रहा है।

सोचिए क्या होगा जब गंभीर मौसम के कारण अस्पताल भी बंद होने लग जाएंगे? हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि फोस्सिल फ्यूल के प्रयोग पर तेज़ी से लगाम लगाए बिना, वैश्विक स्वास्थ्य के लिए जोखिम और भी बढ़ जाएंगे, क्योंकि हजारों अस्पताल चरम मौसम के दौरान सेवाएं देने में असमर्थ हो सकते हैं।

**ङ्गष्ठ्ठ ग्लोबल हॉस्पिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फिजिकल क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष**




फॉसिल फ्यूल का तेजी से उपयोग बंद किए बिना, सदी के अंत तक दुनिया भर में हर 12 अस्पतालों में से 1 को चरम मौसम की घटनाओं से पूर्ण या आंशिक रूप से बंद होने का उच्च जोखिम होगा।

ऐसे जोखिम झेल रहे हजारों अस्पतालों को अनुकूलन की आवश्यकता होगी। लेकिन इस सब में होने वाले भारी निवेश के बावजूद, कई लोगों के लिए स्थानांतरण ही एकमात्र विकल्प होगा।

2100 तक उच्च जोखिम के रूप में पहचाने गए 16,245 अस्पतालों में से 71 प्रतिशत (11,512) निम्न और मध्यम आय वाले देशों में थे।

फॉसिल फ्यूल को तेजी से समाप्त करने के साथ ग्लोबल वार्मिंग को 1.8 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से हाई एमिशन परिदृश्य की तुलना में अस्पताल के बुनियादी ढांचे को नुकसान का जोखिम आधा हो जाएगा। यदि एमिशन अधिक है, तो सदी के अंत तक चरम मौसम से दुनिया भर के अस्पतालों को नुकसान होने का जोखिम चार गुना (311ञ्) से अधिक बढ़ जाएगा। कम एमिशन परिदृश्य में, जोखिम में यह वृद्धि केवल 106ञ् तक कम हो जाती है।

आज, दक्षिण पूर्व एशिया में दुनिया में चरम मौसम की घटनाओं से क्षति के उच्च जोखिम वाले अस्पतालों का प्रतिशत सबसे अधिक है। उच्च उत्सर्जन के कारण, सदी के अंत तक दक्षिण पूर्व एशिया में लगभग 5 में से 1 अस्पताल (18.4ञ्) पूर्ण या आंशिक रूप से बंद होने के उच्च जोखिम में होगा।

दक्षिण एशिया में जोखिम वाले अस्पतालों की संख्या सबसे अधिक है, जो उच्च जनसंख्या को दर्शाता है। यदि उत्सर्जन अधिक हुआ तो 2050 तक, दुनिया के सभी सबसे अधिक जोखिम वाले अस्पतालों (3,357) में से एक तिहाई दक्षिण एशिया में होंगे। 2100 तक यह बढ़कर 5,894 हो सकती है।

समुद्र तट पर और नदियों के पास स्थित अस्पतालों को सबसे अधिक खतरा है। आज, नदी और सतही जल बाढ़ से अस्पतालों को नुकसान होने का खतरा हावी है। सदी के अंत में, तटीय बाढ़ तेजी से बढ़ती है (समुद्र के स्तर में वृद्धि के कारण और अधिक बढ़ जाती है) और 2100 तक नदी में बाढ़ के बाद सबसे महत्वपूर्ण खतरा बन जाती है।

**बात भारत की**

भारत में, चरम मौसम की घटनाओं के कारण बंद होने के उच्च जोखिम वाले अस्पतालों का अनुपात 2050 तक 5.7 प्रतिशत होगा, और यदि एमिशन अधिक हुआ तो सदी के अंत तक लगभग 10 में से 1 (9.6ञ्) अस्पताल प्रभावित होगा।

भारत साल 2100 तक चरम मौसम की घटनाओं से क्षति के जोखिम वाले सबसे अधिक अस्पतालों वाला देश होगा, जिसमें 5,120 अस्पताल उच्च जोखिम में होंगे। भारत में विश्लेषण किए गए अस्पतालों की संख्या 53,473 थी, जो अध्ययन में शामिल 50 देशों में सबसे अधिक है। 13,596 अस्पतालों के साथ रूस दूसरे स्थान पर था।

डॉ कार्ल मैलोन ने कहा, अस्पतालों के लिए इस जोखिम को नाटकीय रूप से कम करने और समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए सबसे स्पष्ट बात एमिशन को कम करना है।

क्या है 2023 ङ्गष्ठ्ठ ग्लोबल हॉस्पिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फिजिकल क्लाइमेट रिस्क रिपोर्ट

यह रिपोर्ट विश्लेषण करती है कि निरंतर एमिशन दुनिया भर के 200,000 से अधिक अस्पतालों की छह जलवायु परिवर्तन खतरों के प्रति संवेदनशीलता को कैसे प्रभावित करेगा- तटीय बाढ़, नदी में बाढ़, सतही जल में बाढ़, जंगल की आग, अत्यधिक हवा और चक्रवाती हवा। विश्लेषण भवन संरचनाओं को होने वाली भौतिक क्षति पर ध्यान केंद्रित करता है और गणना करता है कि विभिन्न एमिशन परिदृश्य जोखिम को कैसे कम कर सकते हैं। इसे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित COP28 संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में उद्घाटन स्वास्थ्य दिवस से पहले प्रकाशित किया जा रहा है।

अंत में डॉ मैलोन ने कहा, महत्वपूर्ण सेवाओं की निरंतर डिलीवरी सुनिश्चित करना सरकारों का कर्तव्य है। व्यक्तिगत सरकारों के लिए इस जानकारी पर कार्रवाई नहीं करना या वैश्विक समुदाय के लिए जरूरतमंद सरकारों का समर्थन नहीं करना, अपने नागरिकों की भलाई के लिए एक घोर उपेक्षा है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं अलाइव न्यूज के मुख्य संपादक है।)**

## संपादकीय

### राज्यपालों की भूमिका पर विचार जरूरी

इन दिनों राजनीति में इस्तेमाल किए जा रहे मुहावरे के हिसाब से कहें तो आजादी के 75 साल में ऐसा कभी नहीं हुआ कि राज्यपालों के ऊपर सर्वोच्च अदालत को इतनी सख्त टिप्पणियां करनी पड़े, जितनी अभी करनी पड़ रही है। आजादी के बाद कई बार राज्यपालों की भूमिका पर सवाल उठे हैं लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि सांस्थायिक रूप से राज्यपाल राज्य सरकारों के कामकाज में दखल दें, विधेयक रोकें, सरकारों पर गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी करें और समानांतर सरकार चलाने की कोशिश करें। राज्यपालों के ऐसे आचरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कई बार बेहद तीखी टिप्पणियां की हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि न राज्यपालों पर इसका असर पड़ र है और न केंद्र सरकार इस पर ध्यान दे रही है। उलटे ऐसा लग रहा है कि सरकार भी चाहती है कि वे ऐसा ही आचरण करें। यह दुर्भाग्य है कि राज्यपालों ने राजभवनों को समानांतर सरकार चलाने का केंद्र बना दिया है। ऐसा सिर्फ उन्हीं राज्यों में हो रहा है, जहां विपक्षी पार्टियों की सरकारें हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि राज्यपालों को अचानक संविधान से मिले अपने अधिकारों की याद आ गई है और वे अपने को वास्तविक शासन प्रमुख समझने लगे हैं। जहां भाजपा की सरकार है वहां ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। इसका यह मतलब नहीं है कि भाजपा की सारी सरकारें बहुत बढि?ा और संविधान सम्मत तरीके से काम कर रही हैं, जबकि विपक्षी पार्टियों की सरकारें संविधान के प्रति सम्मान नहीं दिखा रही हैं। ऐसा लग रहा है कि पानी सर के ऊपर से निकलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के स्थायी समाधान का फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक अंदाज में कहा है कि राज्यपाल कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को बदलने का प्रयास नहीं कर सकते हैं। यह बहुत बड़ा फैसला है। इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने इस मामले को इतनी गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन एक के बाद एक तीन राज्यों- केरल, तमिलनाडु और पंजाब के एक जैसे मामले कोर्ट में आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने विस्तार से सुनवाई की और फैसला सुनाया। सर्वोच्च अदालत ने सिर्फ यह आदेश नहीं दिया कि राज्यपाल लंबित विधेयकों को जल्दी से जल्दी क्लीयर करें, बल्कि यह कहा है कि विधानसभा से पास विधेयकों को रोकने से कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया प्रभावित होती है। ध्यान रहे कानून बनाने का अधिकार संसद और राज्यों की विधानसभाओं को है। अगर किसी राज्य की विधानसभा ने कोई विधेयक पास किया है तो राज्यपाल उसे रोक कर कानून निर्माण की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। इसका सबसे बड़ा खतरा यह है कि इससे संघवाद का सिद्धांत प्रभावित होगा। केंद्र में जिसकी सरकार होगी वह राज्यपाल के जरिए राज्य सरकारों के बनाए कानून को रोकता रहेगा। तभी अदालत ने संविधान के अनुच्छेद दो सौ का हवाला देते हुए कहा कि उसमें निश्चित रूप से यह नहीं लिखा गया है कि राज्यपाल कितने समय में किसी विधेयक को मंजूरी दें लेकिन यह जरूर लिखा है कि जल्दी से जल्दी मंजूरी देंइ। इसका मतलब है कि संविधान बनाने वालों की भावना यह रही है कि विधानसभा से पास होने के बाद जब विधेयक राज्यपाल के पास जाए तो वे उसे तुरंत मंजूरी दे। अगर उनको लगता है कि विधेयक में कुछ सुधार किया जाना चाहिए तो उसे वे तुरंत विधानसभा को लौटा दें।

## चिंतन-मनन

### अनुभव का लाभ

एक विदेशी राजा ने भारत पर आप्रमण करना चाहा। उसने सोचा कि आप्रमण से पूर्व यह जान लेना चाहिए कि उस राजा के पास कोई बुद्धिमान व्यक्ति है या नहीं? उस राजा ने सुरमे की एक डिबिया देकर एक दूत भेजा। उस डिबिया में दो आंखों में ही लगाने लायक सुरमा था। वह सुरमा अंधे को आंख देने में समर्थ था। दूत आया। दूत ने कहा, दो आंखों में ही आ जाए, इस डिबिया में इतना-सा सुरमा है। हमें इसकी अधिक आवश्यकता है। आपके पास हो तो हमें दें। या इस सुरमे के आधार पर कोई व्यक्ति ऐसा ही सुरमा बना सके तो हम उस आदमी को अपने साथ ले जाना चाहेंगे।

राजा ने मंत्रियों से सलाह ली। किन्तु ऐसा सुरमा कौन बना सके? किसी को समाधान नहीं आया। राजा ने सोचा, एक बूढ़ा मंत्री था, जो अभी सेवानिवृत्त हुआ है, उससे पूछा जाए। राजा ने उसे बुला भेजा। वह अंधा हो गया था। वह आया। मंत्री ने डिबिया ली। एक आंख में सुरमा लगाया। कुछ ही क्षणों बाद उसे दिखने लगा। जो शेष सुरमा बचा था, उसे अपनी जीभ पर रख लिया। स्वाद से उसने सुरमे के सारे द्रव्यों का विश्लेषण कर लिया। घर जाकर वैसा ही सुरमा बनाया। परीक्षण के लिए अपनी दूसरी आंख में उसे लगाया। आंख खुल गई। उसने शेष सुरमा डिबिया में भरकर दूत से कहा, जाओ, अपने सम्राट से कहना कि ऐसा सुरमा जितना चाहे यहां से मंगा लें। दूत गया। सम्राट को वृत्तान्त सुनाया। सम्राट ने सोचा, जिस देश में ऐसे अनुभवी और वृद्ध रहते हैं, इतने बुद्धिमान मंत्री हैं, उस देश पर आप्रमण करना भयंकर भूल होगी।

## भाजपा की हुई बल्ले-बल्ले मप्र में टाइगर अभी फुतीर्ला है



ऋतुपर्ण दवे

निश्चित रूप से 3 दिसंबर को आए 4 विधानसभा चुनावों के नतीजों से अगर सबसे ज्यादा किसी में उत्साह होगा तो वह है भाजपा। उसमें भी मध्यप्रदेश के नतीजों ने तो जैसे भाजपा के उत्साह में सुनामी ला दी। अब भले ही नतीजों को लेकर भाजपा कहे कि हमें यही उम्मीद थी लेकिन हकीकत यही है कि शायद ही ऐसा सोचा होगा। बहरहाल यह मोदी मैजिक ही था जिसने हिन्दी पट्टी वाले राज्यों में विपक्ष या कहें कि नवगठित इण्डिया गठहबन्धन के लिए बहुत ही बड़ी चुनौती दे दी। माना कि मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना ने कमल के लिए कमाल का काम किया। लेकिन छत्तीसगढ़ में आखिर ऐसा क्या हुआ जो गाय, गोबर, गोठान, महतारी योजना, आत्मानन्द स्कूलों के बाद भी नतीजे एकदम उम्मीद से इतर आए?जबकि राजस्थान में जादूगर अशोक गलतोत का चलते दिख रहे जादू पर भाजपा का जादू भारी पड़ गया। वहीं तेलंगाना में कांग्रेस को झोली में उम्मीद से ज्यादा हासिल मिला। शायद भारत की यही विविधता है।

विश्लेषण के लिहाज से इन नतीजों के मायने काफी गहरे होंगे जिसे 2024 के आम चुनाव से जोड़ा जाएगा। चारों नतीजों में सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश की ही चर्चा होगी जिसे संघ की प्रयोगशाला भी कहा जाता है। जहां बढ़े मतदान के बाद तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टीइन्कम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्यप्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरूआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलेया फैलाए गए। उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गए। उन्हें एकदम से दरकिनार नहीं किया जा सकता था। समूचे मध्यप्रदेश ने शिवराज सिंह की जो मेहनत, जनता से सीधा संवाद व जुड़ाव देखा व ताबड़तोड़ दौरे देखे उससे उनकी छवि बेहद अलग बनी और वो मजबूत होते चले गए। अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। दरअसल उन्होंने अपने तौर तरीकों में 2018 के चुनावों में पिछड़ने के बाद ही काफी तब्दीली कर ली थी। उनका एक-एक दांव बहुत सोचा समझा और दूर की कौड़ी साबित हुआ। चाहे लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या कन्या विवाह या फिर महिला आरक्षण और मेघावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, स्कूटी का प्रोत्साहन। हर कहीं शिवराज ने खूब लोकप्रियता लूटी। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है।

बेशक लाड़ली बहना योजना ने मध्यप्रदेश में एक अण्डर करंट पैदा किया जिसे समूचा विपक्ष भी नहीं समझ पाया। अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश के अब तक के सारे के सारे मुख्यमंत्रियों से अलग उनकी मेहनतकश छवि और हर दौरेने उन्हें मजबूत किया जिसे कोई भांप नहीं पाया। यह भी सही है कि मोदी की लोकप्रियता मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए बड़ा टॉनिक थी। लेकिन इस बात को स्वीकारना ही पड़ेगा यदि मोदी मध्यप्रदेश के इस चुनाव में भाजपा के लिए खरा सोना थे तो शिवराज सुहागा से कम नहीं रहे। नतीजे सामने हैं दोनों को मिलाकर भाजपा के लिए सोने में सुहागा हो गया।

निश्चित रूप से भाजपा मध्यप्रदेश में 18 बरसों की एन्टीइन्कम्बेन्सी को धोने तो छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की आपसी कलह और संगठन में बिखराव व दुराव का भरपूर फायदा ले गई और नतीजे अप्रत्याशित आए। इसके साथ ही सांसदों और केन्द्रीय मंत्रियों को उतारने से भाजपा ने एक तीर से कई निशाने भी साधे। हालाकि कुछ असफलताएं भी हाथ लगीं लेकिन बड़ी सफलता के आगे इक्का-दुक्का महत्वपूर्ण असफलता बौनी हो जाती है।भाजपा के कई दिग्गजों को हार का सामना देखना पड़ा लेकिन ईमानदारी से बात की जाए तो इसमें भी भावी सरकार के लिए कांटे साफ होने जैसे बड़े संदेश छुपे हैं। आज मध्यप्रदेश के नतीजों के बाद शिवराज सिंह का वो बयान बार-बार याद आता है जिसमें उन्होंने कहा था कि टाइगर अभी जिन्दा है। लेकिन सच तो ये है कि टाइगर बहुत फुतीर्ला है। कहने की जरूरत नहीं कि मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह फिर मुख्यमंत्री के प्रबल और पूरे 5 वर्षों के लिए दावेदार हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ में सम्मानजनक स्थिति के बाद फैसला केन्द्रीय नेतृत्व के हाथों होगा। कमोवेश यही स्थिति राजस्थान में होगी। वहां वसुन्धरा या कोई और का सवाल अभी कई दिनों तक रहेगा। एक अकेले तेलंगाना में कांग्रेस को मुख्यमंत्री तय करने में कैसी चुनौती आएगी नहीं पता लेकिन इतना तो है कि गिरे मनोबल से वहां इस बार पुरानी चूकें नहीं दोहराई जाएंगी।

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने भी सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने के लिए कोशिशें नहीं कीं। परन्तु सच्चाई यही है कि कांग्रेस संगठनात्मक तौर पर भाजपा के मुकाबले 19 नहीं बल्कि 8-10 ही रही। बरसों पुराने कार्यकर्ता, नई टीम का आभाव, लोगों से जुड़ाव पर ध्यान नहीं देना, हर गांव, शहर के छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भोपाल कनेक्ट दिखाना और प्रदेश के कई नेताओं के अनजान कस्बों में लगे होर्डिंग से कांग्रेस वैसा कनेक्ट नहीं कर पाई जो स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता नगर, वार्ड, बूथ और पन्ना प्रमुख कर सके। बस यही वो तमाम कारण थे जिस कारण कांग्रेस जनता से कनेक्ट नहीं कर पाई। उल्टा सरकार विरोधी लहर के जुमले के सहारे मनगढ़ंत और झूठे सपने देख बड़े-बड़े ख्वाब देखना तथा प्रदेश चुनाव संचालन को दिल्ली की टीम के हवाले करना भी कांग्रेस को इतना मंहगा पड़ गया कि 2018 के आंकड़ों से भी पिछड़ गई और भाजपा 2003 जैसे सम्मानजनक स्थिति में पहुंच गई। लेकिन एक बात तो है कि हिन्दी पट्टी वाले राज्य जहां भाजपा पर भरोसा



जताते हैं तो दक्षिण कांग्रेस व अन्य पर। ऐसे में देश में उत्तर-दक्षिण की नई बात जरूर होगी। फिलाहाल इण्डिया गठबन्धन की 6 दिसंबर की बैठक पर निगाहें हैं लोग यह कहने से भी नहीं चूकते हैं कि दिन कौन सा है? जुड़ाव का या विध्वंश का?बहरहाल अभी इस गठबन्धन का बिखराव का नतीजा सामने है। आगे बहुत कुछ और दिखेगा। किन-किन राज्यों में सपा, बसपा और आप ने किस-किस को कितना नुकसान पहुंचाया और किसकी जीत-हार का अन्तर कम किया। किसको जीतने से रोका तथा किसने अनजाने या जानबूझकर भाजपा-कांग्रेस को जीत या हार दिलाई जैसी चचाएं और डिबेट आगे बहुत दिखेंगे। बहरहाल अभी तो भाजपा ही सिवाय तेलंगाना के अजेय दिखती है और हिन्दी पट्टी में ऐसी जीत के बहुत बड़े मायने हैं। अब मध्यप्रदेश में ताज तो शिवराज के माथे तय लगता है क्योंकि अभी टाइगर बहुत फुतीर्ला है लेकिन छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ताज किसके माथे होगा यही देखने लायक होगा।

## वैश्विकी: डोभाल को अमेरिका की चुनौती



डॉ. दिलीप चौबे




स्पाई मास्टर अजित ड़ोभाल को अपने कॅरियर की एक सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़.रहा है। अमेरिकी प्रशासन ने एक खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को बचाने के लिए भारत के पूरे खुफिया तंत्र को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। ऊपरी तौर पर भारत और अमेरिका दोनों द्विपक्षीय संबंधों पर आंच नहीं आने देने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूड़ो के आरोपों के बाद अमेरिका की अदालती कार्रवाई के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। जाने-माने रणनीतिक विश्लेषक ब्रह्म चेलानी के अनुसार भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता और अज्ञात खुफिया अधिकारी के खिलाफ अदालत में दायर आरोप-पत्र तोता-मैना की कहानी जैसा है। नवीनतम सूचनाओं के अनुसार गुजरात पुलिस के रिकार्ड. में निखिल गुप्ता के बारे में कोई आपराधिक सूचना नहीं है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य ने अमेरिका को सौंप दिया है। प्रत्यर्पण की सारी कहानी के बाद भारतीय दूतावास को अभियोग की कोई जानकारी नहीं दी गई। इससे पता चलता है कि अमेरिकी प्रशासन इस मामले में भारत को फंसाने की पूरी कोशिश कर रहा है।

दिवंगत अमेरिकी राजनयिक हेनरी किसिंजर का यह चर्चित कथन था कि 'अमेरिका के साथ दुश्मनी करना खतरनाक है, लेकिन अमेरिका के साथ दोस्ती करना जानलेवा है।' लगता है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसिंजर की इस नसीहत को नजरअंदाज कर दिया। अमेरिकी प्रशासन के निशाने पर आखिर कौन हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित ड़ोभाल या मोदी सरकार? अमेरिका में आरोप-पत्र दाखिल होने के बाद भारत की ओर से मामले की छानबीन करने के लिए जो उच्चस्तरीय कमिटी गठित की गई है उसका संचालन ड़ोभाल कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार ड़ोभाल के पीछे खड़ी है। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने भारत पर जो दबाव बनाया है उसके कारण वाशिंगटन और लंदन में भारतीय विदेश खुफिया एजेंसी (रॉ) के स्टेशन चीफ को हटाना पड़ा है। कनाड़ा रॉ के शीर्ष अधिकारियों को पहले ही देश से निकाल चुका है। अगर यह रिपोर्ट सही है तो इन प्रमुख देशों में भारत के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए खुफिया सूचनाएं एकत्र करने की प्रणाली कमजोर हुई है। संदेह पैदा होता है कि क्या अमेरिका ने इसी मंशा से ये सारी कवायद की है।

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए का राजधानी दिल्ली सहित पूरे देश में व्यापक ताना-बाना है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में नियुक्त एक अमेरिकी राजदूत ने अपने संस्मरण में लिखा था कि केंद्रीय मंत्रिमंड़ल की बैठक के कुछ ही घंटे बाद उनकी मेज पर विचार-विमर्श का पूरा ब्योरा आ जाता था। लगता है कि इंदिरा गांधी को इसका पूरा भान था। इसलिए वह एकदम अलग तरह का फैसला करती थीं। उनकी इस सूझबूझ से सीआईए का स्टेशन चीफ जोकर साबित हो जाता था। देशवासियों को आशा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी ऐसी ही सूझबूझ का परिचय देंगे। सबसे अच्छी बात तो यह होगी कि सरकार की ओर से एक श्वेत-पत्र जारी किया जाए जिसमें विदेशी खुफिया एजेंसियों की गतिविधियों का कच्चा चिट्ठा हो।

इस बीच घटी एक महत्त्वपूर्ण घटना पर लोगों ने ध्यान नहीं दिया। रूस की नौसेना ने हिंद महासागर गश्त शुरू कर दी है। रूसी नौसेना ने भारत, बांग्लादेश और म्यामांर की नौसेनाओं के साथ हाल में सैन्य अभ्यास किया है। रूसी नौसेना की यह सक्रियता भारत की जानकारी और सहमति से हुई होगी। भारत ने संभवतः यह संदेश दिया है कि क्वाड़ का सदस्य होने के बावजूद भारत अपने भरोसेमंद दोस्त रूस की हिंद महासागर में मौजूदगी चाहता है। लगता है कि इतिहास अपने को दोहरा रहा है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान वर्ष 1971 में अमेरिका और चीन की सैनिक धमकियों को नाकाम करने के लिए रूस की नौसेना ने हिंद महासागर का रुख किया था।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# फ़रीदाबाद के प्रणव सूरमा ने एशियन पैरा गेम्स 2023 में गोल्ड मेडल जीता



Faridabad/Alive News

एशियन पैरा गेम्स 2023 में पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 स्पर्धा में फ़रीदाबाद के प्रणव सूरमा ने 30.01 मीटर के एशियाई पैरा गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व भर में हरियाणा के नाम रोशन किया है। ज्ञात रहे कि प्रणव सूरमा गुरुग्राम शहर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था एम3एम फांउडेशन के लक्ष्य स्कॉलर है। गौरतलब है कि प्रणव सूरमा जब 16 साल के थे तब उनका एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट होने के कारण उनके स्पाइनल कॉर्ड में चोट लग गई थी और वह पैरालाइज्ड हो गए थे। प्रणव ने 2018 में स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने का मन बनाया। वह अब एक प्रोफेशनल स्पोर्ट्समैन है। एम3एम फांउडेशन ने इनको सपोर्ट करने हेतु हर संभव मदद की और आज प्रणव खुद कहते है की एम3एम फाउंडेशन ने जिस तरह इस यात्रा में उनकी मदद की वो काबिलेतारीफ है। उन्होंने 2019 में बीजिंग ग्रैंड प्रिक्स वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में सिल्वर मेडल हासिल किया है वहीं अब पैरा एशिया गेम्स में प्रणव ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर एम3एम फाउंडेशन की चेयरमैन एंड ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने सभी खिलाड़ियों को मेडल लाने के लिए बधाई दी है और उन्होने बताया कि फाउंडेशन स्टूडेंट्स तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कॉलरशिप देती है। फाउंडेशन ने इन सभी खिलाड़ियों को पूरा सहयोग दिया है। हमे बेहद गर्व है कि हमारे खिलाड़ी विश्व स्तर पर भारत देश का नाम रोशन कर रहे है। फाउंडेशन का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में उभरते टैलेंट को प्रोत्साहित करना है। फांउडेशन देश भर से खिलाडियों को ढूंढ़कर उनकी मदद करती है। फांउडेशन की ओर से आगे भी खिलाडियों की मदद करने का सिलसिला जारी रहेगा।

# मुजेसर व जनता कॉलोनी तक पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोगों ने किया भव्य स्वागत

Faridabad/Alive News

नगर निगम फरीदाबाद के ज्वाइंट कमीशनर करन सिंह भगोरिया रविवार को फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में मुजेसर तथा जनता कॉलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की राष्ट्रव्यापी आउटरीच की पहल विकसित भारत संकल्प यात्रा है। जिसके माध्यम से सरकार व प्रशासन खुद चलकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देगा। इस प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी जनसंवाद के माध्यम से जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने की पहल शुरू की, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के जनप्रतिनिधि लोगों के बीच पहुंचकर जनसंवाद के माध्यम से लोगों की परेशानियों को दूर करने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र की 17 योजनाओं सहित प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है, जोकि अपने मकसद में सफल होती दिखाई दे रही है।

इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं,



किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। संयुक्त आयुक्त करन सिंह भगोरिया ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाई गई विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन भी किया और कहा कि यह यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त दारा उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई।

इस संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा क्रियांवित किए जा रहे विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों को एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है और योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों के विचार को मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से सांझा किया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग की ओर से ड्रोन की प्रदर्शनी भी की गई। कार्यक्रम के दौरान सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की कंटिजेंट भजन मण्डली द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का गीतों व भजनों की प्रस्तुति भी दी गई।इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश डागर, निवर्तमान पार्षद सपना डागर सहित अन्य अधिकारीगण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गांव जुंहेड़ा की एम्स डिस्पेंसरी में जल्द होगी नियमित स्टाफ की नियुक्ति



Faridabad/Alive News

फरीदाबाद के गांव जुंहेड़ा में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों द्वारा राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा के समक्ष गांव में एम्स की डिस्पेंसरी में नियमित स्टाफ की मांग की थी। सांसद शर्मा ने ग्रामवासियों की इस समस्या के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया गया। मुलाकात के दौरान सांसद कार्तिकेय शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के दौरान उन्हें मांग पत्र भी दिया। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने गांव की एम्स डिस्पेंसरी में नियमित स्टाफ भेजने का भरोसा दिया है व अधिकारियों को निर्देश देकर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। बता दें कि 15 नवंबर को फरीदाबाद के पृथला विधानसभा के पांच गांव में सांसद कार्तिकेय शर्मा मुख्यमंत्री के विशेष दूत बनकर लोगों के बीच जन संवाद करने पहुंचे थे। जहां गांव जुंहेड़ा के लोगों ने यह मांग रखी थी। जिस पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा था कि वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर इस मांग को पूरा करवाएंगे।

# एथलेटिक्स, फेंसिंग व शूटिंग की प्रतियोगिता की जाएंगी आयोजित

Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि ज़िला फरीदाबाद में राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ आज से किया जाएगा।शुभारंभ समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि तथा प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। साथ ही विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर तथा विधायक नयन पाल रावत भी इस शुभारंभ समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने आगे बताया कि फरीदाबाद में यह खेल महाकुंभ आज से छह दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल



महाकुंभ में फरीदाबाद जिला को एथलेटिक्स, फेंसिंग व शूटिंग की स्पर्धाओं की जिम्मेदारी मिली है। खेल व अन्य सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतियोगिता की तैयारियों में कोई कमी न रखें। इसके साथ ही सभी बच्चों के ठहरने, खाने व यातायात की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स के 1200 खिलाड़ी, फेंसिंग के 500 और शूटिंग के 250 खिलाड़ी फरीदाबाद में शामिल होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस व महिला खिलाड़ियों को ठहराने के लिए 12 अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गई है। यहां शौचालयों, कमरों, पेयजल व सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था हो। इसके लिए उन्होंने पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासक को खान पान की गुणवत्ता चैक करने के लिए भी निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग को खिलाड़ियों के ठहराव, मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगोली इत्यादि की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुविधा दी जाएगी और प्रत्येक बुनियादी सुविधाओं को ध्यान भी रखा जाएगा। सीएमओ को पर्याप्त एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गया हैं जिसमें दवाएं व चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

# डायनैस्टी स्कूल में वार्षिकोत्सव की धूम, प्रधानाचार्य ने किया अतिथियों का स्वागत

Faridabad/Alive News

डायनैस्टी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर ट्रायम्फिया का आयोजन किया। वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के रूप पहुंचे डॉक्टर आर.एस. वर्मा ने दीप प्रज्जवलन कर उत्सव का प्रारंभ किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य नितिन वर्मा द्वारा मुख्यतिथि को सम्मान स्वरूप बाल-वृक्ष प्रदान किया गया।

स्कूल की निर्देशिका कल्पना वर्मा द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें सम्पूर्ण वर्ष की उपलब्धियों का वर्णन किया गया। 'ट्रायम्फिया' का प्रारंभ संगीत की मधुर ध्वनि के साथ हुआ। तत्पश्चात माँ सरस्वती की वंदना विद्यार्थियों के द्वारा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने अत्यन्त उत्साह के साथ उत्सव में भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बालक एवं बालिकाएँ ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो स्वर्ग से साक्षात अप्सराओं एवं देवताओं का आगमन धरती पर हुआ हो। उत्सव में विभिन्न नृत्य,




संगीत, कविताएँ एवं योग की आकर्षक मुद्राओं द्वारा सभागार का समां ही बाँध दिया। स्कूल के नन्हें कलाकारों ने स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक हुई विविध उपलब्धियों को अपनी अद्भुत कला के माध्यम से प्रदर्शित किया कि मानो इतिहास पुनर्जिवित हो गया हो। आगे बढ़ते हुए स्कूल के मुख्यातिथि एवं निर्देशिका एवं प्रधानाचार्य ने पुरस्कार वितरण किया तथा राष्ट्रीय गान के साथ और अत्यन्त गरिमापूर्ण तरीके से समारोह सम्पन्न हुआ।

# सरकार अन्त्योदय योजना के तहत गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध

Faridabad/Alive News

केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को देश की जनता भागीदार बनकर साकार करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर विजेंद्र नेहरा ने गांव छांयसा के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय और राजकीय कन्या विद्यालय अटाली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बहुत अच्छी शुरुआत की है। पूरी दुनिया में लगभग 37 देश ऐसे है जिनको विकसित देशों की श्रेणी में शामिल किया गया है। भारत देश भी विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीड़ा उठाया है कि भारत के सभी गावों एयर शहरों में यह विकसित भारत सांकल यात्रा जाए और आमजनता तक सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाएं उपलब्ध करा सके। यदि किसी का आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता या अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बनी है तो उनका मौके पर ही विभागों द्वारा पंजीकरण किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार और हरियाणा सरकार की योजनाए हेल्थ कैंप, आयुष्मान/चिरायु कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मत्स्य सम्पदा योजना, मातृत्व वंदना योजना, स्वनिधि योजना किसानो को जागरूक करने के लिए विभिन्न सेवाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के द्वार तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में मोबाइल वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के संदेश का प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र व हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा देश भक्ति और हरियाणवी नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और गांव अटाली को स्वच्छता के लिए प्रशंसा अभिनन्दन पत्र भी प्रदान किया गया।

# 450 रुपए घरेलू गैस सिलेंडर देने की योजना पूरे देश में लागू करे केंद्र सरकार



Faridabad/Alive News

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने तीन राज्यों में बीजेपी की सरकार बनाने पर बधाई दी और अपने वादों को निभाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि भाजपा को 3 राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीतने पर बधाई देता हूं। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार से कहा कि उन्होंने राज्यों में जो वादे किए 2700 रुपए गेहूं खरीदने का, 450 रुपए सिलेंडर देने का, लाड़ली बहन योजना के तहत मुफ्त मकान देने का, 12वीं में अच्छे नम्बरों से पास छात्रों को स्कूटी देने का, पेपर लीक पर एसआईटी बनाने का और 5 साल तक मुफ्त राशन देने का ये जो वादे भाजपा सरकार ने किए हैं, उसको न केवल उन राज्यों में पूरा करें। बल्कि पूरे देश में जहां पर भाजपा की सरकार है, विशेषकर हरियाणा में भी इन वादों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में चुनाव जीतने पर कांग्रेस को भी बधाई और वहां की सरकार को जनता के आदेश के अनुसार काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा हमें खुशी है कि अरविंद केजरीवाल ने कहा था हम देश की व्यवस्था को बदलने आए हैं। तो भाजपा ने भी अरविंद केजरीवाल की गारंटी को कॉपी किया। परंतु अरविंद केजरीवाल जो वादे करते हैं वो वही वादे अपने सभी राज्यों में लागू करते हैं। हम भाजपा से उम्मीद करते हैं कि वो अपने वादे सभी राज्यों में अपने वादों को लागू करे। उन्होंने पत्रकारों के जवाब में कहा संसद में हमारी मांग होगी की ईडी ने बेकसूर संजय सिंह, मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर रखा है उनको रिहा करें, अगर वो नहीं मानेंगे तो प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 2018 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस आई थी। इसके बावजूद 2019 में भाजपा आई थी। इसलिए देश का चुनाव अलग होता है, और राज्य का अलग होता है। उन्होंने कहा कि हम ÷इंडिया÷ गठबंधन की बैठक शामिल होंगे और ÷इंडिया÷ गठबंधन का हिस्सा होने के नाते बैठक में जो भी निर्णय लिया जायेगा, उसका हम लोग पालन करेंगे।

# विश्व एड्स दिवस : एड्स का ज्ञान ही जागरूकता एवं बचाव

Faridabad/Alive News

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स ज्ञान बचाए जान विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि वर्ल्ड एड्स डे मनाने का उद्देश्य एच आई वी संक्रमण के कारण होने वाली महामारी एड्स के बारे में हर आयु के व्यक्ति के बीच जागरूकता बढ़ाना है। एड्स आज के आधुनिक समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार अब तक तीन करोड़ सत्तर लाख से भी अधिक व्यक्ति एच आई वी के शिकार हो चुके हैं जबकि भारत सरकार द्वारा दिए गए आकड़ों के अनुसार भारत में एचआईवी के रोगियों की संख्या लगभग तीस लाख से भी अधिक है। एच आई वी एड्स



एक प्रकार के जानलेवा इंफेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है।

इसे चिकित्सा भाषा में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस अर्थात एचआईवी के नाम से जाना जाता है। इसे सामान्य बोलचाल में एड्स अर्थात एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम के नाम से जाना जाता हैं। इसमें जानलेवा इंफेक्शन व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रहार करता है जिस से शरीर सामान्य बीमारियों से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाता। इस अवस्था में प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से कोई भी बीमारी शीघ्र ठीक नही होती। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि जब एच आई वी का ट्रीटमेंट नहीं किया जाता है तो एड्स हो सकता है। एड्स एचआईवी को तीसरी और एडवांस्ड स्टेज है। विश्व एड्स दिवस के लिए इस वर्ष की थीम लेट कम्यूनिटीज लीड रखी गई है। एड्स की रोकथाम में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए इस थीम को चुना गया है।

साथ ही अब तक एड्स के बचाव में समाज ने जो महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं उनकी सराहना करने के लिए भी इस थीम को चुना गया है। एड्स या एचआईवी के बारे में समाज में व्याप्त गलत अवधारणा के कारण इसकी रोकथाम करना काफी कठिन होता है। समाज में नीची नजरों से देखे जाने के कारण सामान्य जन खुलकर इस बीमारी के बारे में बात नहीं करते और इससे बचाव नहीं हो पाता है। इस स्थिति को बदलने के लिए लेट कम्यूनिटीज लीड का थीम चुना गया हैं। प्रत्येक वर्ष की थीम को विश्व एड्स अभियान की ग्लोबल स्टीयरिंग कमेटी द्वारा चुना जाता है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा, प्राध्यापिका गीता, प्राध्यापक राकेश, रविंद्र सिंह डी पी, संजीव एवम अन्य अध्यापकों ने बालिकाओं को एड्स से जागरूक करने के लिए बनाए गई पेंटिंग और पोस्टर की बहुत प्रशंसा की और परिवार एवम मित्र जनों को भी एड्स से जागरूक करने की अपील की।

# नव प्रयास सेवा संगठन के नेत्र शिविर में 252 लोगों ने कराई जांच

Faridabad/Alive News

डबुआ कालोनी छठ घाट स्थित शिव पार्वती, हनुमान मंदिर प्रांगण में सामाजिक संस्था नवप्रयास सेवा संगठन व तारा नेत्रालय के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से विधायक नीरज शर्मा के बड़े भाई एवं टीम पंड़ित के सदस्य पं.मुनेश शर्मा, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष यादव, भाजपा नेता कविन्द्र फागना, मनोज बालियान, एन.आई.टी. दो नम्बर स्थित महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश कुमार उर्फ रक्कू, युवा नेता सचिन तंवर एडवोकेट, मनोज कोहली, योगेश कोहली, राजीव मौजूद रहे। इस अवसर पर नव प्रयास सेवा संगठन के




संस्थापक सुनील यादव, रवि चौहान, महिला अध्यक्ष मनीषा सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।शिविर में 252 लोगों ने नेत्र जांच कराई और 33 लोगों मुफ्त मोतियाबिंद का ऑपरेशन का चयन किया गया। कैंप में लोगों को मुफ्त दवाइयां एवं चश्मा भी वितरित किए गए। संयोजक सुनील यादव ने कहा कि उनकी संस्था का प्रयास है कि ऐसे कैम्पों से जरूरतमंदों को लाभ मिलें, ताकि समय पर वह आंखों की बिमारी से छुटकारा पा सकें। इस मौके पर समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह, मंजू सिंह, पुष्प लता, अशोक कुमार, शशि चंद कटोच, सुमित शर्मा, दीपक कुमार, राजेंद्र रोहिल्ला, रामनारायण बहादुर, जयवीर, लाल बिहारी, अशोक पोद्दार, नीरज नरूला, प्रदीप कुमार पुष्कर आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के लिए अगले 50 दिन का खाका तैयारः एडीसी

Faridabad/Alive News

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि देशभर के जिलों में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकारों के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन के लिए आगामी 50 दिन का खाका तैयार कर लिया गया है। जिसके माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाएगा। इस यात्रा की केंद्र व प्रदेश के स्तर पर लगातार मोनिटरिंग की जा रही है। कोई भी विभाग इस कार्य में कोताही न बरते तथा अपनी ज़िम्मेदारियों का क्रियान्वयन सही तरीके से समयनुसार करना सुनिश्चित करें। एडीसी आनंद शर्मा ने शनिवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर संबंधित विभागों की बैठक में अधिकारीयों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रचार वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं जो जिला में गाँव-गाँव व शहर के वार्डों में जाकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की नीतियों से रूबरू करवाएँगे। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी रखें। शहरी क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग निगम आयुक्त करेंगे व ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला परिषद द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि गांव तथा शहरों के वार्डों का कलस्तर व रूट बनाकर जन भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाए। जिस स्थान पर प्रचार वाहन जाए, वहां मौके पर ही स्वास्थ्य जांच, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने,



आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, अंत्योदय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना आदि का लाभ मौके पर मौजूद पात्र व्यक्तियों को देना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि जहां पर भी केंद्र सरकार की ओर से भेजा गया प्रचार वाहन पहुंचें, वहां पर उसका स्वागत किया जाए। उसके बाद प्रधानमंत्री का संदेश प्रेषित होगा और उपस्थित लोगों से विकसित भारत का संकल्प भी लिया जाएगा। प्रदेश व केंद्र की योजना के लाभ पात्रों को भी वहां पर बुलाया जाए।

# सेक्टर-30 में जनरल परेड का किया निरीक्षण, पुलिसकर्मियो को दिए दिशा निर्देश

Faridabad/Alive News

पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाईन सेक्टर-30 में जनरल परेड का निरक्षण किया सभी पुलिसकर्मियो को आस-पास साफ सफाई रखने के साथ साथ सभी डीसीपी, एसीपी, एसएचओ, क्राइम ब्रांच ईंचार्जो को अपनी अपनी यूनिटो में खेल के लिए प्रहोत्साहित किया है। परेड में पुलिस आयुक्त, डीसीपी बल्लबगढ राजेश दुग्गल, डीसीपी हैडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन, डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ, एसीपी हैडक्वार्टर अभिमन्यु गोयत, एसीपी क्राइम अमन यादव, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एसीपी सीएडब्लू मोनिका,एसीपी एनआईटी महेश व अन्य एसीपी के साथ पुलिसकर्मियो ने जनरल परेड में भाग लिया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को पुलिस लाइन सेक्टर-30 में जनरल परेड का आयोजन किया जाता हैढ्ढ इस बार जिसमें पुलिस आयुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। फरीदाबाद में बनाई गई रैपिड एक्शन फोर्स की महिला व पुरुष की कम्पनी, रिजर्व पुलिस फोर्स की कम्पनी का निरक्षण किया। सभी की यूनिफोर्म एक कोर्ड में होनी चाहिए। सभी पुलिसकर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अगर मानसिक व शारीरिक तौर पर फिट रहेंगे तो अच्छा काम कर सकेंगे। पुलिस ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि पुलिस विभाग से संबंधित सभी रजिस्टर व रिकार्ड पूरी तरह दुरुस्त व अपडेट रखें। रात्रि के समय प्रत्येक थाना, चौकी व क्राइम ब्रांच में अनुपात में पुलिसकर्मी होने चाहिए। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि फरियाद लेकर आने वाले लोगों से मैंत्रिपूर्ण व्यहार कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि अगर पीड़ित व्यक्ति की गंभीरता से सुनवाई कर उसे शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा तो निश्चित तौर पर समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगा तथा समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आएगी। पुलिस कमिश्नर ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि अपने रहने वाले स्थाना के पास साफ सफाई रखे और थाना चौकी व क्राइम ब्रांच टीम अपने कार्यालय में पौधे लगाए अगर संभव है तो। मीटिंग में उपस्थित पुलिसकर्मियों को पुलिस की कार्य प्रणाली, रहन- सहन, जनता के प्रति मधुर व्यवहार और कानून एवम् शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना के पेंडिंग केसों व केस प्रॉपर्टी का शीघ्र से शीघ्र निपटारा करवाएं। पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाईन के भवन, बैरिक व टॉयलेट, मैस पुलिस लाईन के परिसर अन्य स्थानों पर चेकिंग की। पुलिस लाईन के सौंदर्यकरण और रखरखाव की हिदायत दी है।

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# मनोहर लाल और कृष्णपाल पर बरसे विधायक नीरज शर्मा



Faridabad/Alive News

अंतर राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन दिवस पर दिए गए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के भाषण को 54 दिनों तक सिले वस्त्र और जूते त्याग कर नगर निगम फ़रीदाबाद में हुए 200 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच की मांग को लेकर आंदोलन करने वाले एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा ने पाखंड करार दिया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पंचकूला के लोक निर्माण विश्रामगृह में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भ्रष्टाचार एक कैंसर है और यह भाषणों से खत्म नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालने के बाद कहा था कि मेरी बिरादरी (राजनीतिज्ञों) पर एक दाग भ्रष्टाचार का है, जिसे समाप्त करना चाहता हूं। यह चुनौतीपूर्ण कार्य उन्होंने संभव करके दिखाया है। हम भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में काफी हद तक भ्रष्टाचार कम हुआ है, लेकिन अब भी जहां बचा है, उसे हम सब को मिलकर खत्म करना है। विधायक नीरज शर्मा ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि आज तक 200 करोड़ रुपए के घोटाले में एक चूहे को भी मुख्यमंत्री जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेज पाए हैं ठेकेदार और एक अफ़सर पर कारवाई करके केवल जनता की आँखों में धूल झोंकने के काम किया है जबकि सब जानते हैं कि बिना राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा घोटाला नहीं हो सकता, श्री शर्मा ने अपने बयान में कहा कि खुद को भ्रष्टाचार का काल बताने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार में जैसा संरक्षण भ्रष्टाचारियों को मिला है वैसा आज से पहले किसी सरकार में नहीं मिला। आप किसी भी सरकारी विभाग में चले जाएं आपको आम जनता भ्रष्टाचार से बिलबिलाती हुई नजर आएगी।मामला चाहे प्रॉपर्टी आईडी का हो या फिर तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार का, मनोहर सरकार संगठित लूट को बढ़ावा देने का काम कर रही है। विधायक नीरज शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा लेकर एनआईटी विधानसभा क्षेत्र पहुँचे सांसद और केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल पर भी खूब तंज कसे उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को एसआईटी की जनता ने भारी मत देकर दो बार सांसद में पहुँचाया वह भी पिछले 10 साल में यहाँ की टूटी सड़कों से, ओवर फ़्लो सीवर से, बिजली पानी की समस्याओं से इस इलाके को निजात नहीं दिला पाए। पहले सबका साथ सबका विकास का नारा देते थे लेकिन कृष्णपाल ने विकास को सिर्फ़ सेक्टर 28 तक ही सिमटा कर रखा है। अब विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में फिर जुमलेबाजी शुरू हो गई है।शर्मा ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 28 करोड़ रुपए की फ़ाइल मुख्यमंत्री की मेज़ पर हैं सरकार इन्हें तुरंत पास करे अन्यथा आगामी विधानसभा सत्र में फिर वस्त्र त्यागूँगा।

# आइडियल स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया





Faridabad/Alive News

लक्कड़पुर शिव दुर्गा विहार स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व मेयर सुमन बाला, पूर्व पार्षद सोमलता भड़ाना, स्कूल के चेयरमैन फूलचंद भड़ाना के दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह में 1200 विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल सुदेश भड़ाना ने बताया कि स्कूल में इस बार 13वां वार्षिक उत्सव मनाया गया है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टेज पर अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है। इसी बहाने से विद्यार्थी भीड़ को फेस करना और भीड़ के बीच में परफॉर्म करना सीखते है।

उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के बाद विद्यार्थियों को पढ़ाई से दोबारा कनेक्ट करना बेहद मुश्किल था। उनका कहना है कि इस प्लेटफार्म पर दोबारा से विद्यार्थियों को खड़ा करने के लिए अध्यापकों की डबल मेहनत लगी है।सुदेश भड़ाना ने बताया कि नई शिक्षा निति के तहत विद्यार्थियों को स्किलफुल एजुकेशन दी जा रही है और अकैडमिक के साथ साथ विद्यार्थियों को पेड़ पौधे लगाना, साफ-सफाई रखना भी सिखाया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी भविष्य में किसी भी क्षेत्र में असफलता ना हो।

स्कूल के चेयरमैन फूलचंद भड़ाना ने कहा कि स्कूल का संचालन इस कालोनी में एक उदेश्य के साथ किया गया था, क्योंकि यहां पर आर्थिक रूप से कमजोर लोग अलग अलग राज्यों से आकर बसे हैं और उनको अपने परिवार के पालन-पोषण के साथ साथ बच्चों को भी पढ़ाना होता है।

उन्होंने कहा कि आइडियल पब्लिक स्कूल की शुरुआत इसी ब्रांच से हुई है और आज फरीदाबाद में तीन स्कूल हैं। यह स्कूल रिजल्ट के मामले में हमेशा अग्रणी आ रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल पढ़ाई ही नही खेल प्रतियोगिताओं में भी आगे है। इस अवसर पर अलग अलग 12 स्कूल के प्रिंसिपल ने शामिल होकर विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों का उत्साह बढ़ाया।

# गांव नंगला व डबुआ पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

Faridabad/Alive News

रविवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के नगला में सरपंच चौक पर भाजपा नेता कवीन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में व डबुआ कॉलोनी की हरिजन चौपाल पर भगवान सिंह की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मकसद आमजन को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। भाजपा नेता भगवान सिंह ने कहा कि किसानों के हितों में निरंतर कार्य किया जा रहा है। करोड़ों रुपये की धनराशि किसान सम्मान निधि के जरिए सीधा किसानों के खातों में डाली जा रही है। ट्यूबवेल लगाने पर सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ बागवानी बीमा योजना, फसल बीमा योजना लागू की गई। करोड़ों रुपये की धनराशि बीमे के रूप में तथा करोड़ों रुपये की धनराशि फसल खराबे के मुआवजे के रूप में प्रदान की गई है। एलईडी वैन में सरकार की



विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।वहीं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी गीतों के जरिये बेहतर प्रस्तुति दी गई। जहां लोगों में शासन और प्रशासन के कार्यक्रम की प्रशंसा सुनने को मिल रही थी। शासन और प्रशासन की तरफ से विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एमसीएफ के कार्यकारी अभियंता पदम भूषण, शनि दत्ता, निशांत कुमार, महेन्द्र भड़ाना, झम्मनलाल शर्मा, पूर्ण सिंह, देवेन्द्र शर्मा, सोनिया अरोड़ा, संजीव सोम,सुदर्शन कुमार,राजकुमार यादव, दिनेश राघव, सुरेश पाठक सहित एमसीएफ, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एडीसी ने बैठक में की चिन्हित अपराध की समीक्षा

Faridabad/Alive News

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि चिन्हित अपराधों के केसों की पैरवी पूरी तैयारी से करना सुनिश्चित करें। एडीसी चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों और डीए को समीक्षा बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें। जिससे सबूतों के आभाव में कोई अपराधी क़ानून से बच न पाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियो और जिला न्यायवादी को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित केसों की गवाही सही समय पर न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ सुनिश्चित करवाए। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधों में सुरक्षा समीक्षा, एससी-एसटी एक्ट, पोस्को सहित ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए।वहीं एडीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही बारे उन्हें अवगत करवाया जाए।

**इन केसों की जांच गहनता से करें**

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाये। कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। कोर्ट में पेशी से पूर्व साक्ष्यों ओर तथ्यों की मजबूती सुनिश्चित की जाए। किसी मामले में अगर कोई पुलिस का जवान शहीद होता है, तो ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या कोताही न बरती जाए।एडीसी ने पुलिस को निर्देश दिये कि कोई मामला अगर चिन्हित अपराध में आता है, तो उस पर निष्पक्ष रूप से जांच की जाए, जांच के हर पहलु को बारिकी से परखा जाए। उन्होंने सनसनीखेज अपराधों पर भी समीक्षा की और पुलिस विभाग के अधिकारी से कहा कि ऐसे केसों को भी चिन्हित अपराध के तहत लिए जाए और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और केस दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं चिन्हित केसों के ऐसे अपराधी जो न्यायालय के भगौड़े हैं। उनको भी पकड़ कर पेश करना सुनिश्चित करें।समीक्षा बैठक में डीसीपी पूजा वशिष्ठ, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एसीपी अभिमन्यु गोयत, जिला अटोर्नी सत्येन्द्र कुमार, उप जिला अटोर्नी अजय कुमार, वरूण कुमार सहित आदि।

# राजकीय विद्यालय सराय में मनाया मानवाधिकार दिवस

Faridabad/Alive News

वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स डे के अवसर पर सराय के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सभी से मानवाधिकारों को समझने और जानने के लिए जागरूक किया। देश में मानव अधिकार के लिए सबसे पहले महात्मा फुले ने आवाज उठाई थी। इस वर्ष का थीम सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय रखी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने उन्नीस सौ पचास में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना प्रारंभ किया था। मानव अधिकार सिद्धांत की संकल्पना सदियों पूर्व प्राचीन काल से ही चली आ रही है व्यवहारिक दृष्टि से इसका प्रारंभ द्वितीय विश्व युद्ध के भयंकर परिणाम के बाद हुआ जब अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर 1948 को मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अंगीकृत किया। इन में अधिकार के साथ साथ कर्तव्यों की भी चर्चा हुई है जिसमें अधिकार के साथ मनुष्य का उस समुदाय के प्रति कर्तव्य है ताकि उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का उन्मुक्त विकास हो सके। अधिकारों की श्रृंखला में मानवाधिकार को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो हमारे पास इसलिए हैं क्योंकि हम मानव है वे किसी भी राज्य द्वारा प्रदान नहीं किए गए हैं राष्ट्रीयता लिंग, मूल, रंग, धर्म, भाषा, या किसी अन्य जातीय भेदभाव किए बिना ये सार्वभौमिक अधिकार हम सभी के लिए प्रकृति प्रदत्त हैं। सैद्धांतिक तौर पर इन अधिकारों का अतिक्रमण विश्व के किसी भी देश या किसी भी सरकार के द्वारा नहीं किया



किया जाना चाहिए । प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की अंतर्निहित भावना यह है कि सभी मनुष्य स्वतंत्र पैदा होते हैं और उन्हें जीवन, स्वतंत्रता और व्यक्ति की सुरक्षा, कानून के समक्ष समानता और कानून की समान सुरक्षा और विचार, विवेक, धर्म, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है।

# सकुरा साइंस प्रोग्राम के लिए 64 छात्रों को रवाना किया जापान



Faridabad/Alive News

सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम 2023 में भाग लेने के लिए चुने गए 64 छात्रों को जापान के लिए रवाना कर दिया गया है। बता दें कि इस कार्यक्रम को 10 से 16 दिस्मबर आयोजित किया गया है।निर्धारित कार्यक्रम के लिए भारतीय दल के उत्साहपूर्ण प्रस्थान को चिन्हित किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ये छात्र 11 राज्यों ङ्क असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, ओडिशा, लद्दाख, उत्तर प्रदेश और गोवा ङ्क के केंद्रीय विद्यालयों (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समितियों (एनवीएस) से हैं। 26 लड़कों और 38 लड़कियों के विविध समूह को उनकी शैक्षणिक योग्यता के लिए मान्यता दी गई।

**जानिए क्या है इस कार्यक्रम का उद्देशय**

सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम, जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (जेएसटी) और स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसई एंड एल), शिक्षा मंत्रालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य युवा शिक्षार्थियों के बौद्धिक क्षितिज को व्यापक बनाना है।

2014 में अपनी शुरुआत के बाद से, इस कार्यक्रम ने छात्रों को अल्पकालिक यात्राओं के माध्यम से जापान के अत्याधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी और संस्कृति का अनुभव करने का अनूठा अवसर प्रदान किया है।शिक्षा मंत्रालय ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जो समग्र, एकीकृत, आनंददायक और आकर्षक सीखने के अनुभवों पर जोर देती है।

एनईपी एक मानक शिक्षाशास्त्र के रूप में अनुभवात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करता है, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और तकनीकी महत्व के स्थानों पर शैक्षिक यात्राओं और भ्रमण पर जोर देता है।सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम में भारत की भागीदारी अप्रैल 2016 में शुरू हुई, और यह कार्यक्रम के तहत 468 छात्रों और 75 पर्यवेक्षकों द्वारा जापान का दौरा करने वाला नवीनतम अध्याय है।इस यात्रा का उद्देश्य न केवल छात्रों को जापान की प्रगति से अवगत कराना है, बल्कि अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना और वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए जुनून को प्रोत्साहित करना भी है।

जापान, जो अपनी तकनीकी कौशल और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए प्रसिद्ध है, सकुरा साइंस हाई स्कूल कार्यक्रम के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप, शैक्षिक प्रदर्शन के लिए एक आदर्श गंतव्य के रूप में खड़ा है।

# फरीदाबाद के सारन गांव के सरकारी स्कूल में पहुंची 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

Faridabad/Alive News

'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' के तहत शुक्रवार को सारन गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में लोग सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं लेने के लिए ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड करवा रहे हैं। निवर्तमान पार्षद बीर सिंह नैन ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया,साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान करवाने का आश्वासन दिया। वहीं कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बी.पी.एल. परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। वहीं अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को जोड़ना है। पिछले साढ़े नौ सालों में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है, तो उन्हें



योजनाओं और परियोजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है।

इन सुविधाओं का मौके पर मिल रहा है ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर अपलोड व्यवस्था

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। वहीं एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया।

**स्टॉल का किया अवलोकन**

निवर्तमान पार्षद बीर सिंह नैन ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन भी किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता हुई, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई, स्वामित्व कार्ड पंजीकरण और वितरण डेस्क लगाया गया, यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। इस अवसर पर बीर सिंह नैन, शेर सिंह भाटिया, एमसीएफ के कार्यकारी अभियंता पदम भूषण, मनोज अरोड़ा, महेंद्र सिंह नरवाल, रमेश विष्ठ, अश्वनी रस्तोगी, मानिक नागर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ने किया विधायक का स्वागत

Faridabad/Alive News

ओल्ड फरीदाबाद के सैय्यदवाड़ा का नाम बदलकर महावीर नगर करने पर आज श्री महावीर मंदिर महावीर नगर में श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का इसके लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि सैय्यदवाड़ा का नाम बदलने की मांग लगभग 75 वर्ष पुरानी थी और जो वे विधायक बने तो उन्होंने यह आश्वासन दिया था कि वे इसके लिए प्रयास करेंगे और सरकार ने उनकी मांग को मानते हुए सैय्यदवाड़ा का नाम महावीर नगर कर दिया है, इसके लिए वे भी मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कांग्रेस सांसद के यहां छापेमारी के दौरान पकड़े गए धन के विषय में कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि अभी तक कांग्रेस सांसद के खिलाफ कांग्रेस आला कमान द्वारा गंभीर एक्शन न लेना, कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस दौरान केंद्र की मोदी व हरियाणा की मनोहर सरकार की उपलब्धियों से भी लोगों को अवगत कराया।

इस मौके पर सर्वेश गोयल, नरेश अग्रवाल,बलदेवराज तनेजा, कुंदन सैनी, बंसीलाल, राहुल रतरा, जतिन तंवर, हेमा ठाकुर, बलराज, सरजू, टीटू मटके वाला,भाजपा जिला सचिव मुकेश शर्मा, ओल्ड मंडलाध्यक्ष सचिन शर्मा, अजरौंदा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, टोनी पलवान, सुनील शर्मा, मूलराज नंद्राजोग, सतपाल चौधरी, अनिल गुप्ता, अनिल वर्मा, सुनील कुमार शर्मा, केडी शर्मा, सुनील कुमार महामंत्री, धीरज वधवा, बहादुरचंद, नरेश वधवा, नरेंद्र वधवा, युगल मित्तल, मुकेश अग्रवाल, नीरज मित्तल, रवि डुडेजा, रिंकू प्रधान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी से ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों के लिए बेहद कारगर-डॉ. रोहित गुप्ता

Faridabad/Alive News

सेक्टर-24 स्थित इंडो ऑटोटेक कंपनी में स्ट्रोक की बीमारी पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकरियों और कर्मचारियों को स्ट्रोक की बीमारी के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि स्ट्रोक या दिमाग का दौरा देश में हार्ट अटैक और कैंसर के बाद मौत का तीसरा सबसे बड़ा कारण है। विकलांगता का भी इसे प्रमुख कारण माना जाता है। फरीदाबाद में युवाओं में स्ट्रोक की समस्या तेजी से बढ़ रही है। स्ट्रोक में मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी से 24 घंटे में पूर्ण इलाज संभव है।

वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं। यदि सभी नियमित बीपी की जांच करवाएं तो काफी हद तक इस समस्या से बच सकते हैं। ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद मरीज को जल्द अस्पताल पहुंचा दिया जाता है तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। साथ ही धमनी में क्लॉटिंग को हटाकर विकलांगता को भी रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी से ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों के लिए बेहद कारगर साबित हुई है।

# विधायक ने नागरिक अस्पताल में पोलियो ड्राप्स पिलाकर की अभियान की शुरुआत

Faridabad/Alive News

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को पोलियो मुक्त अभियान के तहत नन्हे बच्चों को पोलियो ड्रॉप की दो बूंद खुराक पिलाकर शुरुआत की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त लेकिन सुरक्षा चक्र टूट न जाए इसलिए भारत सरकार के इस अभियान में नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाती है। उन्होंने कहा कि आज से तीन दिन अभियान चलेगा। आज पोलियो ड्राप्स फरीदाबाद के विभिन्न सरकारी बूथों पर पिलाई जा रही है। वहीं

सोमवार और मंगलवार को घर घर जाकर यह खुराक पिलाई जाएगी।

परिवहन मंत्री शर्मा ने बल्लबगढ़ के सरकारी अस्पताल और सेक्टर- 3 के एफआरयू /सरकारी अस्पताल पहुंचकर अभियान की शुरुआत कराई गई है। वहीं विधायक सीमा त्रिखा ने नागरिक अस्पताल बीके में पोलियो ड्राप्स अभियान का शुभारंभ किया।उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा जिला में आज 0 से 5 साल तक आयु के बच्चों को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रविवार को स्वस्थ विभाग द्वारा जिला में पोलियो ड्राप्स अभियान के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जीरो से 5 साल के सभी बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग की वालिंटियर टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाई गई। ताकि ऐसा एक भी जीरो से 5 वर्ष तक आयु का बच्चा जिला में पोलियो ड्राप्स पिए बिना ना रहे।

उन्होंने कहा कि यह ड्राप्स बच्चों को बहुत बड़ी बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है। पोलियो बीमारी बड़ी तेजी से एक से दूसरे बच्चों में फैलती है। इसलिए पोलियो ड्रॉप



बच्चों को पिलाना अति आवश्यक है।सीएमओ डाक्टर विनय गुप्ता ने कहा कि सरकार की हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में जीरो से पांच साल तक की आयु के लगभग 3644090 बच्चों को 1584 बूथों पर पोलियो ड्रॉप्स पिलाना सुनिश्चित की गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय गुप्ता ने कहा कि जिला में घुमन्तु जातियों के हाईरिस्क क्षेत्र है जहां माईग्रेटरी अधिक है। माइग्रेटिड, स्लम, नोरमड, ईट भट्टों और कंट्रक्शन सहित 1767 साइटें जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित की गई थी। वहां पर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाना सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी और कर्मचारी की जो ड्यूटी सुनिश्चित की गई थी, उन्होंने इस कार्य को गंभीरता से पूरा सुनिश्चित किया ।

उन्होंने कहा कि पोलियो ड्रॉप्स, ईट भट्टों, झुग्गी झोपड़ियों सहित तमाम स्थानों पर जाकर माइग्रेट फैमिली व कंस्ट्रक्शन साइटों सहित घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाना सुनिश्चित की गई है।पोलियो अभियान के नोडल अधिकारी डॉक्टर रचना और डाक्टर संगीता ने सयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि जिला में जीरो से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप्स पिलाई जा रही है। जिला में पोलियो ड्राप्स पिलाने के लिए स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग के कर्मचारियों की 1647 टीमें बनाई गई थी। वे टीमें 0 से 5 साल तक के बच्चों के जिला फरीदाबाद में 633838 घरों में दस्तक देकर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला फरीदाबाद में 1647 टीमों में बनाकर 4958 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 173 ट्रांजिट टीमें और 179 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है।इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ रचना शर्मा, एसएमओ डॉ टी सी गिडवाल, एसएमओ डॉक्टर मानसिंह, डॉ आसिमा, डॉ संगीता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# फरीदाबाद में शुरू हुआ राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ

Faridabad/Alive News

सेक्टर-12 में ज़िला फरीदाबाद में राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ आज सोमवार से शुरू कर उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। शुभारंभ समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शिरकत की। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ शुभारंभ उद्घाटन कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में शुरू हुआ।

चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दृढ़ निश्चय सफलता का मूल मंत्र है। खिलाड़ियों का अपना दृढ निश्चय तय होता है और अपना निश्चय के अनुसार ही लक्ष्य पूरा करके देश, प्रदेश, जिला व परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री के कृष्ण पाल गुर्जर ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि फरीदाबाद की धरती पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों का फरीदाबाद वासियों की तरफ से तहे दिल से स्वागत करता हूं।




केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आगामी जनवरी माह में जिला फरीदाबाद में राष्ट्रीय स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जहां उसमें संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसकी घोषणा भी केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्पाल गुर्जर ने आज खेल महाकुंभ के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को लोगों को संबोधित करते हुए की। डीसी विक्रम सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से खिलाड़ियों के मान सम्मान, रहने, खाने पीने की पूरी व्यवस्था की जिम्मेवारी अधिकारियो को दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद में हरियाणा खेल महाकुंभ-2023 की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष सांसद खेल महाकुंभ कभी आयोजन करवाया जा रहा है। डीसी विक्रम ने कहा कि खेल में आगे बढ़ाने की भावना हमेशा बनी रहती है। एसडीएम परमजीत चहल ने मुख्य अतिथियों का खेल महाकुंभ- 2023 में पहुंचने पर तहे दिल से स्वागत किया। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी- 5 की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कपल गुर्जर ने ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों का मार्च पास्ट की सलामी भी ली।

**तीन दिवसीय खेल महाकुंभ में यह होंगी प्रतियोगिताएं**

बता दें कि फरीदाबाद में यह राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ छह दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। खेल महाकुंभ में फरीदाबाद जिला को एथलेटिक्स, फेंसिंग, तलवार बाजी व शूटिंग की स्पर्धाए आयोजित की जाएगी। वहीं खेल व अन्य सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतियोगिता की तैयारियों में कोई कमी न रखें। इसके साथ ही सभी बच्चों के ठहरने, खाने व यातायात की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स के 1200 खिलाड़ी, फेंसिंग के 500 और शूटिंग के 250 खिलाड़ी फरीदाबाद में शामिल हुए हैं। पुलिस व महिला खिलाड़ियों को ठहराने के लिए 12 अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गई है।

जहां शौचालयों, कमरों, पेयजल व सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था है। पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है। जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासक को खान पान की गुणवत्ता चैक करने के लिए भी निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग को खिलाड़ियों के ठहराव, मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम व रंगोली इत्यादि की जिम्मेदारी दी गयी थी। है। प्रत्येक बच्चे को सुविधा दी जाएगी और प्रत्येक बुनियादी सुविधाओं को ध्यान भी रखा जाएगा। सीएमओ को पर्याप्त एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गया हैं जिसमें दवाएं व चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

**आज ये रहे विजेता**-राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 में लड़को की 800 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान तुषार (रेवाड़ी ), द्वितीय स्थान अनिल (महेंद्रगढ़) और तृत्य स्थान नवदीप (जींद) ने प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की 800 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान मीना (भिवानी), द्वितीय स्थान छोटी (हिसार) और तृत्य स्थान हनी मलिक (फरीदाबाद) ने प्राप्त किया।इस अवसर पर विधायक फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, जिला परिषद के अध्यक्ष विजय सिंह लोहिया, अर्जुन अवार्ड खेल रत्न भीम सिंह, सरकार तलवार, खेल उपनिदेशक गिरीराज सिंह, जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र गुलिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गौ रक्षक संगठन के साथ मीटिंग लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



Faridabad/Alive News

क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्राभारी शशीपाल ने गौ रक्षक दलों के साथ मीटिंग लेकर कानून को अपने हाथ ना लेने की हिदायत दी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को क्राइम ब्रांच सेक्टर प्रभारी ने फरीदाबाद के तीनों जनों के गौ रक्षक संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून को अपने हाथ में न लेने की सख्त हिदायत दी। अगर गौ रक्षक दल को कोई गो तस्करी की सूचना मिलती है तो तुरंत संबंधित थाना, पुलिस चौकी व क्राइम ब्रांच टीम को सूचना दें। अगर किसी ने कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश की तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानून अपने हाथ में लेने से समाज में अशांति फैल सकती है। किसी भी गैर कानूनी घटना पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## श्रमिकों के लिए 18 से 21 दिसम्बर तक होगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उद्योगिक नगरी फरीदाबाद में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 18 से 21 दिसम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। जहां श्रमिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।



श्रम विभाग के सहायक निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य डॉ हरेंद्र मान ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर महीने में इन उद्योगों में मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इनमें विद्युत् स्टील मे 18 दिसंबर को, एडमेक ऑटो में 19 दिसंबर को, स्टार वायर में 20 दिसंबर को, प्लेटिंग जोन में 21 दिसंबर को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी कारखाने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य की जांच करवाये। ताकि व्यावसायिक बीमारियों से बचाव व प्राथमिक अवस्था में पता लगाया जा सके।

## राष्ट्रीय बैडमिंटन के मुख्य कोच ने एमवीएन स्कूल की स्पोर्ट्स एकेडमी का किया शुभारंभ

Faridabad/Alive News

सेक्टर-88 स्थित मॉडर्न विद्या निकेतन स्कूल में मंगलवार को एमवीएन- 88 एक्सरसाइज एंड स्पोर्ट्स एकेडमी की शुरुआत की गई। एकेडमी का शुभारंभ भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी एवं भारतीय टीम के मुख्य कोच पुल्लेला गोपीचन्द ने किया। इस अवसर पर अर्जुन पुरस्कार विजेता प्रणय एचएस, ट्रैक एवं फील्ड एथलीट व स्वर्ण पदक विजेता ज्योति याराजी, बैडमिंटन गुरुकुल अकादमी की संस्थापक और प्रबंध निदेशक सुप्रिया देवगन एवं एमवीएन सोसाइटी के चेयरमैन वरुण शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलेला गोपीचंद ने कहा,एमवीएन ग्रुप और स्कूल से जुड़े युवाओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों को देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। इसमें



शामिल प्रत्येक व्यक्ति को उनके योगदान पर गर्व होना चाहिए। शारीरिक साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा और खेल को संतुलित करने की एमवीएन की प्रतिबद्धता पूरी तरह से मेल खाती है। ' एमवीएन सोसाइटी के अध्यक्ष वरुण शर्मा ने उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त किया और इसे प्रतिभा और अनुभव का संगम बताया, उन्होंने समय निकालने और इस शुभ अवसर का हिस्सा बनने के लिए पुलेला गोपीचंद, एचएस प्रणय, सुप्रिया देवगन और ज्योति याराजी का आभार व्यक्त किया।

**एकेडमी में स्टूडेंट्स को मिलेगी यह सुविधा**-एकेडमी में स्टूडेंट्स को विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। एकेडमी में स्विमिंग, जिम्नास्टिक, बास्केट बॉल, बच्चों के लिए खेलने की जगह, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, मल्टी पर्पज स्टूडियो, क्रॉस फिट जैसी सुविधाएं उपलब्ध है।

## जे.बी. स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव जोश के साथ मनाया

Faridabad/Alive News

तिलपत स्थित जे. बी. पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार जैसवाल ने किया। वार्षिक खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को आयोजित समारोह में स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा को उजागर किया। विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो ङ्क खो तथा बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। समारोह में प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, आरती जैसवाल, राजेंद्र कुमार, विशाल कुमार, ममता चौधरी, शालू चौधरी तथा शिक्षकों




ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन को पर स्कूल के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने खुशी जताई और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार जैसवाल को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

## दिव्यागों को मिलेगा रोजगार, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिये दिशा निर्देश



Faridabad/Alive News

नेशनल एब्लिंपिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से दिव्यांगता पर आधारित सम्मेलन में आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहुंचे। उन्होंने सेक्टर-45 में निर्मित सार्थक एजुकेशन ट्रस्ट के भवन का उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण भी किया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 200 दिव्यांग भाग ले रहे हैं उपराष्ट्रपति धनखड़ ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी सरकारी विभागों के कार्यालयों में दिव्यांगजनों के हिसाब से सुविधाएं होनी चाहिए। सभी विभाग दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था में हम पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस दशक के अंत तक देश चीन और जापान को पीछे छोड़ देगा। अब पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। अब हमें पश्चिम की तरफ देखने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान हमने पूरी दुनिया को संदेश दिया था। उस दौरान हमने 100 देशों की सहायता की। भ्रष्टाचार पर लगातार प्रहार किया जा रहा है। कानून से उपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में दिव्यांगजनों की बड़ी भूमिका है। दिव्यांग की सहयाता के लिए आगे आने की जरूरत है। ये कई क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं।

धनखड़ ने कहा कि हमें सभी की सहजता के लिए कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री दिव्यांगों के उत्थान के लिए काफी कुछ कर रहे हैं। दिव्यांगों के लिए कई कानून बनाए गए हैं। वहीं सार्थक संस्था का प्यार भी महान है। अब तक 70 हजार दिव्यागों को रोजगार उपलब्ध कराना एक असाधारण उपलब्धि हैं। मैं सार्थक में आकर धन्य हो गया। इस संस्था को बहुत-बहुत धन्यवाद। वहीं, सार्थक शिक्षा ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. जितेंद्र अग्रवाल का कहना है कि वर्ष 2027 तक देश भर में 10 मिलियन दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण करना है। इधर, उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिलाधीश एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने आयोजन स्थल के आसपास धारा 144 लागू कर दिया था। आयोजन स्थल के नजदीक धरना, प्रदर्शन एवं ड्रोन, पैराग्लाइड आदि फ्लाइंग आब्जेक्ट को आपरेट करने पर रोक लगा दी गई थी।

## जीवा पब्लिक स्कूल में रोड सेफ्टी क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन

Faridabad/Alive News

सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कमिश्नरेट लेवल इंटर स्कूलध्कॉलेज रोड सेफ्टी क्विज कॉम्पिटिशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन हॉमर्टन स्कूल में किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आई.पी.एस. राकेश कुमार आर्य उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष स्कूली छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य समाज में ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। सर्वप्रथम यह स्पर्धा ज़िला स्तर पर आयोजित होती है। जिसमें ज़िले के विद्यालयों के सभी छात्रों के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नों के रूप में ट्रैफिक नियमों से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।



पहले चरण में विजेता छात्र दूसरे चरण के लिए स्थान बनाते हैं इस प्रकार विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद कमिश्नरेट लेवल में पहुंचे छात्र ही राज्य स्तर की स्पर्धा में भाग लेते हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिता में जीवा स्कूल के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट बुद्धि एवं कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। इस प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं के नाम इस प्रकार से है सातवीं से अभिषेक मीना कक्षा आठवीं से डोनिशा गर्ग एवं साहिल कुमार कक्षा नौवीं से अक्षित दुविए गर्व गोयल कक्षा ग्यारहवीं से प्रियंका मनवानी इन सभी छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से इस कड़ी स्पर्धा में भी बुद्धि एवं कौशल का परिचय दिया। सभी विजेताओं को एक.एक लैपटॉप एक ,एक स्मार्ट वॉच एवं विनर ट्रॉफी से पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चा अपना लक्ष्य निर्धारित करता है। सभी नियमों का पालन करता है भविष्य में वह अवश्य ही सफलता प्राप्त करता है। उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने सभी विजेता छात्र.छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में 89 लोगों ने कराई जांच



Faridabad/Alive News

सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर 8 के सहयोग से मानव सेवा समिति ने पहली बार सुबह के समय रविवार 10 दिसंबर को उदय सिंह पार्क सेक्टर 10 में एक हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया। जिसमें 89 लोगों के कोलेस्ट्रॉल, थायराइड, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन,ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर होप जिम सेक्टर 11 के जिम कॉर्डिनेटर विक्रम ने बच्चों,युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों को जुंबा सेशन व बॉलीवुड डांस के द्वारा योग कसरत व व्यायाम कराया। सर्वोदय हॉस्पिटल के कोऑर्डिनेटर विवेक शर्मा ने कहा है कि सुबह के समय पार्क में सैर करने वाले लोगों के लिए सर्वोदय हॉस्पिटल के द्वारा ऐसे कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, वरिष्ठ सदस्य मदनलाल मोदी, गोविंद वर्मा, सदाशिव सेठी, राज राठी,शिव कुमार वशिष्ठ मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने स्टाल पर जाकर ली सरकारी योजनाओं की जानकारी

Faridabad/Alive News

हरियाणा परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मोदी गारंटी वाले रथ का स्वागत कर लोगों को घर द्वार के नजदीक सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा मोदी और मनोहर की सरकारों ने देश और प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मुजेसर गांव की ऑटो पिन झुग्गी में पीपीपी सहित अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए विशाल शिविर लगाया गया। जहां परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कैंप में पहुंच कर जायजा लिया। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्टालो पर जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों से सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की बारीकी से जानकारी लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र सहित अन्य कार्य में लोगों को आ रही दिक्कतों को जल्द से जल्द दूर करें।हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हिन्दुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लें। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 82 प्रतिशत भारत के विभिन्न प्रांतों के लोग रहते हैं। इनकी सुरक्षा और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दूंगा। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में गुंडागर्दी और कब्जाधारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सीवरेज व्यवस्था तथा पार्क के सौन्दर्यीकरण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने ऑटो पिन झुग्गी इलाके में विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिरकत की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कैंप में पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस मौके पर सुभाष लांबा,संजय मरोडिया,दूधनाथ हवलदार,राजेश लांबा, हरेराम प्रधान ,रोहतास सोरोत,दिनेश मुदगिल,जोगेंद्र रावत, अजीत सिंह सहित कालोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मात्र एक रूपये का रिश्ता लेकर गूर्जर समाज में कायम की नई मिसाल

Faridabad/Alive News

युवा कांग्रेस के लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेत्रपाल अधाना ने अपने भतीजे कैप्टन डॉ. राजीव का एक रूपये का रिश्ता लेकर समाज में एक मिसाल कायम की है युवा कांग्रेस के लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेत्रपाल अधाना ने अपने भतीजे कैप्टन डॉ. राजीव का एक रूपये का रिश्ता लेकर समाज में एक मिसाल कायम की है। गुर्जर समाज में जहां बेटी की शादी पर करोड़ो रूपये खर्च कर अपनी शान समझते हैं वहीं ऐसे में पूरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुए इस विवाह में अधाना परिवार ने वधू पक्ष से कोई दान-दहेज नहीं लिया। पलवल जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेत्रपाल अधाना द्वारा भतीजे की दहेज बिना की गई शादी की न केवल शहर में बल्कि राजनैतिक गलियारों में भी खूब चर्चा हो रही है, जिससे समाज में शुभ संदेश जा रहा है। हरियाणा के पूर्व डीजीपी रंजिव दलाल ने इस शादी समारोह में समधी के रूप में



सरदारी का रूपया लिया। यहां बता दें कि नेत्रपाल अधाना कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और वह युवा कांग्रेस के लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रह चुके हैं। उनके पिता चौधरी जयचंद अधाना भी गांव में कई बार सरपंच रहे हैं और आज भी सरपंची उन्हीं के परिवार चली आ रही है। नेत्रपाल अधाना को पलवल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकिट का प्रबल दावेदार माना जाता है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेत्रपाल अधाना का कहना है कि समाज में आज लड़का की शादी पर लडकी पक्ष से दिखावे के लिए लाखों-करोड़ों रूपए व्यर्थ कर देते है, ऐसे में लडकी पक्ष पर बोझ न डालकर स्वयं अपने बेटे के रिसेप्शन पर समाज को एकत्रित कर दहेज रुपी दानव पर करारी चोट की है, जिससे कि समाज में लडकी के जन्म पर भी लोग खुशी जता रहे हैं, ऐसे प्रयास से भ्रूण-हत्या पर भी रोक लगेगी।

उन्होंने अपने भतीजे का विवाह एक रूपए में करके यह संदेश दिया है कि असली धन-दौलत बहू-बेटी होती है इसलिए समाज के लोगों को जागरूक होना चाहिए और बिना दहेज के लिए शादी करके बहू-बेटियों का सम्मान करना चाहिए। दरअसल कांग्रेसी नेता नेत्रपाल अधाना के भाई देवेन्द्र अधाना के सुपुत्र राजीव एमबीबीएस डॉक्टर बनने के बाद सेना में कैप्टन के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. राजीव का विवाह ओमपाल रावत की सुपुत्री डॉ. शिवानी के से सम्पन्न हुआ। मूल रूप से ढेंकौला निवासी त शिवानी था फिलहाल फरीदाबाद में रहती है।

डॉ.राजीव व डॉ. शिवानी का रिसेप्शन समारोह पृथला के पास ग्रीनलेंड-44 में सम्पन्न हुआ, जहां छत्तीसगढ़ की प्रभारी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी सैलजा सहित कांग्रेस, भाजपा, जजपा, इनेलो व बसपा आदि विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं के अलावा शहर के उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों व बिल्डरों ने कैप्टन डॉ. राजीव व डॉ. शिवानी को आर्शीवाद देते हुए उनके उज्जवल दांपत्य जीवन की कामना की।

इस मौके पर हरियाणा के पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल ने कहा कि अधाना परिवार ने अपने पुत्र का एक रूपया का रिश्ता कर समाज में जहां महिला सशक्तिकरण को बल दिया है, वहीं समाज में व्याप्त दहेज रूपी दानव पर वार कर एक शुभ संदेश दिया है, जिससे भ्रूण हत्या जैसे पाप को खत्म करने का भी संदेश जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वह अधाना परिवार की तरह दहेज रहित शादी को बढ़ावा दें ताकि आम गरीब आदमी भी अपने घर बेटी पैदा होने पर गर्व महसूस कर सकें।

# Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## Manav Sanskar School organized Picnic Day



Faridabad/Alive News

Manav Sanskar Public School organized a spirited picnic for its students, offering a refreshing escape from the classroom setting. The chosen destination for this memorable outing was the picturesque EOD Mayur Vihar in Delhi. Under the bright sunshine, students of Classes IV TO X and faculty alike embraced the opportunity to connect with nature and each other. Laughter echoed through the air as the school community enjoyed various adventurous activities. The sprawling greenery of EOD Mayur Vihar provided the perfect backdrop for recreational games, team-building exercises, and moments of relaxation. From friendly competitions to leisurely walks, the picnic offered a diverse range of experiences for everyone.The school's administration ensured a seamless event, prioritizing the safety and well-being of all participants. As students engaged in games and shared meals, the picnic became a melting pot of joy and unity. The Director Yogesh Sharma and the Principal Dr. Kaumudi Bhardwaj expressed satisfaction with the successful execution of the event, emphasizing the importance of such outings in promoting a holistic learning environment. "Picnics like these contribute significantly to the overall development of our students. It's not just about academics; it's about creating memories and fostering a sense of community," remarked the Principal.

## JC Bose University ready to discuss innovation, science and technology for developed India

Faridabad/Alive News

JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, will be a prominent participant in the Panel Discussion on Innovation, Science, and Technology – "as a part of the vision of Viksit Bharat." The discussion is scheduled during the State-level Seminar organized by Haryana Rajbhavan at Chandigarh on December 11, 2023.

This Seminar holds special significance as it coincides with the launch of "Viksit Bharat-2047: Voice of Youth" Consultation programme and the inauguration of the Viksit Bharat@2047 Ideas Portal by Prime Minister of India, Shri Narendra Modi. The Prime Minister will deliver a special address to Vice-Chancellors and heads of higher educational institutions nationwide through Video Conference. Vice-Chancellors, Registrars, and Professors from both Government and Private Universities across Haryana will virtually partake in the launch ceremony, facilitated by Haryana




Rajbhavan at Chandigarh. They will actively engage in panel discussions covering various vital topics. Simultaneously, faculty and students of universities and colleges throughout the state will join the program at their respective institutions.

Post the launch, a state-level seminar will unfold, featuring panel discussions by experts from academic institutions. Shri Bandaru Duttatraya, the Governor of Haryana, will also address the program. The panel discussions will span six crucial topics aligned with the vision of Viksit Bharat, including Good Governance and Security, Innovation, Science and Technology, Thriving and Sustainable Economy, Empowered Indians, India in the World (Global), and Engaging with Youth for contributing Ideas. Prof. Sushil Kumar Tomar, along with other distinguished professors from JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, will actively participate in the panel discussion on Innovation, Science, and Technology – "as a part of the vision of Viksit Bharat."This participation underscores the commitment of the academic community to contribute valuable insights towards the progressive vision outlined in Viksit Bharat-2047.

## India to take quantum jump during current period: PM Modi

Kolkata/Agency

Prime Minister Narendra Modi exuded confidence on Monday that India will take a quantum jump during the current period and said the young generation has to be prepared in such a way that it provides leadership to the country and prioritises national interest over everything else. Launching "Viksit Bharat @2047: Voice of Youth", an initiative that aims to provide a platform to the country's youngsters for contributing ideas to the vision of Viksit Bharat @2047, the PM said India's youth power is both the "agent of change" and the "beneficiary of change". PM Modi will also address vice-chancellors of universities, heads of institutes and faculty members at workshops organised at Raj Bhawans across the country, which will symbolise the start of the initiative. "This is the period in India's history when it is going to take a quantum jump. We have to prepare the young generation in such a way that it gives the country leadership and prioritises national interest over everything else," he said. s during the launch of 'Viksit Bharat @2047: Voice of Youth | Photo Credit:



Prime Minister Narendra Modi exuded confidence on Monday that India will take a quantum jump during the current period and said the young generation has to be prepared in such a way that it provides leadership to the country and prioritises national interest over everything else. Launching "Viksit Bharat @2047: Voice of Youth", an initiative that aims to provide a platform to the country's youngsters for contributing ideas to the vision of Viksit Bharat @2047, the PM said India's youth power is both the "agent of change" and the "beneficiary of change". PM Modi will also address vice-chancellors of universities, heads of institutes and faculty members at workshops organised at Raj Bhawans across the country, which will symbolise the start of the initiative. "This is the period in India's history when it is going to take a quantum jump. We have to prepare the young generation in such a way that it gives the country leadership and prioritises national interest over everything else," he said. "The entire world has its eyes on the youth of India. The youth power is both the agent of change and also, the beneficiary of change," PM Modi added. The PM called upon the vice-chancellors and heads of institutions to be role models for students. "You need to be role models for the students enrolled in your institutions," he said. Viksit Bharat@2047 is the vision to make India a developed country by 2047, the 100th year of its independence. The vision encompasses various aspects of development, including economic growth, social progress, environmental sustainability and good governance.

## Haryana Education Minister Gujjar discharged from hospital

Yamunanagar/Agency

Haryana Education Minister Kanwar Pal Gujjar, who was admitted to a private hospital in the district after complaining of dizziness, was discharged on Monday, doctors said. His condition is fine. Various tests were done on him and the results were normal, they said.



The 63-year-old MLA from Jagadhri was attending an event in the district on Sunday when he complained of dizziness and was taken to hospital. The minister was discharged on Monday afternoon. Earlier, the doctors had said that Kanwar Pal could have felt dizzy due to overexertion.

Chief Minister Manohar Lal Khattar had enquired about Gujjar's health over phone on Sunday.

## 6 middle schools demerged in Haryana as student count crosses 20

Rewari/Agency

The Department of Elementary Education has demerged six government middle schools in Rewari, Gurugram, Karnal, Kurukshetra and Bhiwani districts as the student strength there has increased to over 20. A decision to this effect was taken keeping in view the demands of the respective gram panchayat and the reports by the District Elementary Education Officers (DEEOs) concerned about the increase in enrolments in those schools, sources said. "The schools have been demerged on the condition that you will ensure that they meet all criteria. You will also ensure further rise in enrolments in future," Additional Director of the department told the DEEOs in a communiqué sent to them on Friday. These government middle schools are located at Biharipur (Rewari), Birhera (Gurugram), Gholpura (Karnal), Masana (Kurukshetra), Ladiyanwali and Bijlana Bass in Bhiwani districts. Sources said the department ordered the merger of these schools with nearby ones in August 2022 on the ground of having less than 20 enrolments at that time. "The shortage of teachers was a major reason behind the merger of government schools having less than 20 students. The exercise aimed at providing requisite number of teachers in schools and ensuring optimum utilisation of human resources and infrastructure as part of the rationalisation policy," said an official of the Education Department.







Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448